समाचार पत्र साप्ताहिक है, डिजिटल अंक दैनिक प्रसारित होता है। | Titel code : RAJHIN27856 | अंक 248 वर्ष-2 | मूल्य: पांच रूपये मात्र /- | 18 जुलाई 2022, सोमवार | संपादक गजेन्द्र गहलोत

# मरुधर AAINA

दैनिक डि. समाचार पत्र

एक आईना जो दिखाएं सच...

प्रकाशन एक व्यापार है लेकिन पत्रकारिता ने कभी व्यापार थी और ना ही आज है नहीं यह कोई पैसा है

**छोटी-बड़ी खबरे...**

## गहलोत सरकार की पूर्व मंत्री इंदिरा मायाराम का निधन

### सीएम गहलोत सहित कई नेताओं ने ट्वीट कर जताया शोक

**जयपुर।** राजस्थान की वयोवृद्ध कांग्रेसी नेता और पूर्व मंत्री इंदिरा मायाराम का निधन देर रात शनिवार हो गया। जयपुर के सांगानेर से दो बार विधायक रह चुकी इंदिरा मायाराम की निधन को राजस्थान की राजनीति के एक युग के अंत के रूप में देखा जा रहा है। वहीं उनके निधन से कांग्रेस खेमे में शोक की लहर है। गहलोत सरकार के कार्यकाल में राज्य मंत्री रही 85 वर्षीय इंदिरा मायाराम के निधन के बाद सोशल मीडिया पर उन्हें श्रद्धाजंली देने वालों का तांता लगा हुआ है। बताया जा रहा है कि इंदिरा मायाराम लंबे समय से वे बीमार चल रही थीं। देर रात जयपुर के सी स्कीम स्थित उनके आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली।

### सीएम गहलोत- सचिन पायलट सहित कई नेताओं ने ट्वीट कर किया शोक व्यक्त

इंदिराया मायाराम के निधन की खबर मिलने के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी ट्वीट कर दुख जताया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के अलावा प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट, कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, महेश जोशी सहित कई अन्य नेताओं ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। इंदिरा मायाराम 85 वर्षीय की थी। वहीं शांत स्वभाव के साथ अच्छी राजनीतिक कुशलता के लिए जानी जाती थी।

## जयपुर में घरों के बीच बड़ी मात्रा में मिला विस्फोटक

**जयपुर।** जयपुर के रिहायशी मकान में अवैध विस्फोटक का गोदाम मिला है। साथ ही दो भाइयों को गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच की टीम गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है। मौके से कुल 82 क्विंटल 64 किग्रा. अमोनियम नाइट्रेट, 2095 जिलेटिन की छड़ों, 3250 मीटर फ्यूज वायर और 1600 डेटोनेटर मिला। इसकी

### कल से और सताएगी महंगाई

# दूध के प्रोडक्ट और आटे पर 18 जुलाई से 5प्रतिशत जीएसटी, होटल रूम के लिए चुकाने होंगे ज्यादा रुपए

मरूधर आईना

**नई दिल्ली।**

कल यानी 18 जुलाई से जरूरत की कई चीजें महंगी होने वाली हैं। पिछले महीने हुई बैठक में जीएसटी काउंसिल ने जीएसटी रेट बढ़ाने का फैसला लिया गया है। जीएसटी की दरें बढ़ने से दही, लस्सी, चावल और आटा समेत कई जरूरी चीजें महंगी हो जाएंगी।

### डेयरी प्रोडक्ट और आटा होगा महंगा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई जीएसटी काउंसिल की बैठक में दूध के प्रोडक्ट को पहली बार जीएसटी के दायरे में शामिल करने का फैसला किया गया था। जीएसटी काउंसिल की बैठक में टेट्रा पैक वाले दही, लस्सी और बटर मिल्क पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगाने का फैसला किया गया। इतना ही नहीं अनब्रांडेड प्री-पैकेज्ड और प्री लेबल आटा और दाल पर भी 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा।

ब्लेड, पेपर कैंची, पेंसिल शार्पनर, चम्मच, कांटे वाले चम्मच, स्किमर्स और केक सर्विस आदि पर सरकार ने जीएसटी को बढ़ा दिया है। अब इस पर 18 प्रतिशत की दर से प्रतिशत वसूली जाएगी। इतना ही नहीं एलईडी लाइट्स और एलईडी लैंप्स पर भी प्रतिशत 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है।




### इलाज कराना भी महंगा

हॉस्पिटल द्वारा 5000 रुपए प्रतिदिन से अधिक का रूम उपलब्ध कराया जाता है तो उस पर 5 प्रतिशत की दर से जीएसटी देय होगा। इसमें आईसीयू, आईसीसीयू, एनआईसीयू, के रूम पर छूट लागू रहेगी।

### होटल रूम के लिए देने होंगे ज्यादा पैसे

वर्तमान में 1000 रुपए से कम के होटल रूम पर जीएसटी नहीं लगता था, लेकिन अब ऐसे कमरे पर भी 12 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगेगा।

### महंगा हो जाएगा बिजनेस क्लास का सफर

अरुणाचल प्रदेश, आसाम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, सिक्किम, त्रिपुरा, बागडोगरा से उड़ने वाली फ्लाइट जो अब तक कर मुक्त थी, उसमें अब केवल इकोनॉमी क्लास पर ही जीएसटी से छूट प्राप्त होगी और बिजनेस क्लास में सफर करने पर 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगेगा।

### वेयर हाउस में में सामान रखना भी महंगा पड़ेगा

वेयर हाउस में ड्रायफ्रूट्स, मसाले, खोपरा, गुड़, कॉटन, जूट, तम्बाकू, तेन्दूपत्ता, चाय, कॉफी इत्यादि के स्टोरेज की सेवाएं अब तक करमुक्त थीं, उन्हें अब कर के दायरे में लाया गया है और ऐसी सेवाओं पर अब 12 जीएसटी की दर से जीएसटी लगेगा। इसके अलावा कृषि उपज के स्टोरेज किए जाने पर वेयर हाउस के फ्यूमीगेशन की सेवा पर कर से छूट प्रदान थी। अब ऐसी सेवाओं पर 18 जीएसटी की दर से जीएसटी लगेगा।

### बढ़ रहा जीएसटी कलेक्शन

जीएसटी कलेक्शन जून में बढ़कर 1.45 लाख करोड़ रुपए हो गया। एक साल पहले की तुलना में ये 56 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। वहीं मई के महीने में यह 1.41 लाख करोड़ रुपए था।



## पुलवामा में चेकपोस्ट पर चेकिंग के दौरान सुरक्षाबलों पर आतंकी हमला, एएसआई शहीद

मरूधर आईना

**जम्मू-कश्मीर।** दक्षिणी कश्मीर के पुलवामा में रविवार को आतंकियों ने सुरक्षाबलों की टीम पर हमला कर दिया. आतंकी हमले सीआरपीएफ का एक जवान शहीद हो गया है. बताया जा रहा है कि स्थानीय पुलिस और सीआरपीएफ के जवान नाके पर चेकिंग कर रहे थे. इसी दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों की टीम पर हमला कर दिया. घटना गोंगू क्रॉसिंग इलाके की बताई जा रही है. आतंकी हमले के बाद सुरक्षाबलों ने मोर्चा संभाल लिया है और आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है. दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में गोंगू क्रॉसिंग के पास सर्कुलर रोड पर रविवार दोपहर पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम चेकिंग में जुटी थी. इसी दौरान आतंकवादियों ने हमला किया जिसमें सीआरपीएफ के एएसआई शहीद हो गए.

जम्मू-कश्मीर पुलिस की ओर से बताया गया कि आतंकियों ने क्रॉसिंग के पास स्थित एक सेब के बागीचे से फायरिंग की. इस दौरान सीआरपीएफ के एएसआई विनोद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए. बताया गया कि घायल विनोद कुमार को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया. अधिकारी ने कहा कि हमलावरों को पकड़ने के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी गई है.

### मानसून सत्र के लिए बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में नहीं पहुंचे मोदी

# पीएम का ये रवैया असंसदीय: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** सोमवार से शुरू हो रहे मानसून सत्र को बिना हंगामे के चलाने के लिए रविवार को संसद के एनेक्सी भवन में सर्वदलीय बैठक बुलाई गई थी। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भी आने की चर्चाएं थीं, लेकिन वह नहीं पहुंचे। कांग्रेस ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की है। पार्टी ने कहा- प्रधानमंत्री का ये रवैया असंसदीय है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में हो रही मीटिंग में संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी समेत सत्ता और विपक्ष के तमाम नेता शामिल हुए। यह मानसून सत्र इसलिए भी महत्व रखता है, क्योंकि इस सत्र में राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति का चुनाव होने वाला है। राष्ट्रपति चुनाव 18 जुलाई को होंगे, जबकि उपराष्ट्रपति चुनाव 6 अगस्त को होंगे। राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद का कार्यकाल 24 जुलाई को समाप्त हो रहा है, जबकि उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू का कार्यकाल 10 अगस्त को समाप्त हो रहा है। मानसून सत्र के दौरान संसद में पेश किए जाने वाले नए बिलों में केंद्रीय विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक, 2022, फैमिली कोर्ट (संशोधन)

### आज विपक्ष की भी मीटिंग

विपक्ष भी उप-राष्ट्रपति चुनाव के लिए उम्मीदवार पर फैसला करने के लिए आज ही बैठक करेगा। भाजपा ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ को एनडीए का उपाध्यक्ष उम्मीदवार घोषित किया।




### इन मुद्दों पर सरकार को घेरने की विपक्ष की तैयारी

सत्र के दौरान विपक्ष महंगाई, अर्थव्यवस्था, LOC पर चीनी घुसपैठ, ईडी का दुरुपयोग, सेना की नई भर्ती स्कीम अग्निपथ भर्ती योजना, डॉलर के मुकाबले रुपए की गिरती कीमत और बेरोजगारी से संबंधित मुद्दों को उठा सकता है।

# लैंडस्लाइड के बाद बद्रीनाथ- ऋषिकेश नेशनल हाईवे बंद, असम में गंभीर प्राकृतिक आपदा घोषित

मरूधर आईना

**नई दिल्ली।** गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, तेलंगाना, दिल्ली समेत 24 राज्यों में शनिवार को तेज बारिश हुई। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में लैंडस्लाइड के बाद बद्रीनाथ-ऋषिकेश नेशनल हाईवे बंद हो गया। इधर, केंद्र सरकार ने असम में आई बाढ़ को गंभीर प्राकृतिक आपदा घोषित कर दिया है। मौसम विभाग (IMD) के अनुसार मानसून के 45 दिन पूरे होने के बाद अब तक देश में सामान्य से 14 प्रतिशत ज्यादा बारिश हो चुकी है। दिल्ली में हुई जोरदार बारिश के बाद कई इलाकों में पानी भर गया। भारी बारिश के चलते तेलंगाना में गोदावरी नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे राज्य के कई जिलों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। राजस्थान के श्रीगंगानगर में भारी बारिश के कारण शहर में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। गुजरात-महाराष्ट्र के कई जिलों में भी शनिवार को तेज बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक गुजरात के ओखा तट से 70 किमी दूर अरब सागर में 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तूफान चल रहा है, जो ओमान की तरफ बढ़ रहा है। इधर, महाराष्ट्र में बारिश से मरने वालों का आंकड़ा 100 के पार पहुंच गया है। वहीं, असम के कई इलाके अभी भी बाढ़ग्रस्त हैं। अब तक सामान्य रूप से 294.2 मिमी बारिश होनी थी, पर यह आंकड़ा 335.2 मिमी पहुंच चुका है। हालांकि झारखंड, बिहार, यूपी और पश्चिम बंगाल में सामान्य से कम बारिश हुई है। राजस्थान के कई जिलों में बारिश जारी है। बीते चौबीस घंटों में प्रदेश के 15 से ज्यादा जिलों में झमाझम बारिश ने आम आदमी को भीषण गर्मी और उमस से राहत दी है। जयपुर मौसम केन्द्र और जल संसाधन डिपार्टमेंट के मुताबिक प्रदेश के तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है।



# श्रीगंगानगर में भारत-पाक सीमा पर घुसपैठिया पकड़ा: जीरो लाइन के पास मूवमेंट पर दबोचा, BSF ने किया पुलिस के हवाले

मरूधर आईना

**श्रीगंगानगर।** भारत-पाक इंटरनेशनल बॉर्डर पर खखां के पास रविवार सुबह बीएसएफ ने घुसपैठिए को गिरफ्तार किया। इस घुसपैठिए ने फैंसिंग तो पार नहीं की थी लेकिन जीरो लाइन के पार इस तरफ फैंसिंग के नजदीक तक आ गया था। इस पर बीएसएफ ने उसे गिरफ्तार कर लिया। शुरुआती पूछताछ के बाद उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। वहां से उसे जेआईसी करने की तैयारी कर ली गई है हिंदुमलकोट बॉर्डर पर खां के पास रविवार अल सुबह बीएसएफ को जीरो लाइन के पार फैंसिंग के पास हलचल नजर आई। इस पर बीएसएफ जवान एक्टिव हुए। जीरो लाइन के पास देखा तो एक व्यक्ति फैंसिंग पार करने के प्रयास में खड़ा नजर आया। वह पाकिस्तान की तरफ से इस तरफ आया था। ऐसे में उसे उसी समय गिरफ्तार कर लिया गया।

आरोपी बीएसएफ की पकड़ में तो आ गया है लेकिन अपने नाम की सही जानकारी नहीं दे रहा है। वह बार-बार अपने नाम बदल रहा है। उसके पते के बारे में भी साफ तौर पर अधिकारियों को कोई जानकारी नहीं है। ऐसे में सख्ती से पूछताछ के लिए अब उसे जेआईसी यानी ज्वाइंट इनक्वायरी सेंटर ले जाने की तैयारी है। वहां उससे खुफिया एजेंसियां पूछताछ करेंगी।

एसपी आनंद शर्मा ने बताया कि रविवार अल सुबह बीएसएफ ने खखां के पास घुसपैठिया पकड़ा है। वह जीरोलाइन पार करके फैंसिंग के पास तक पहुंच गया था। इस पर बीएसएफ ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ में वह अपने नाम बदल रहा है। ऐसे में अंतिम तौर पर उसके नाम के बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। उसके नाम और पाकिस्तान में उसके पते के बारे में अब तक कोई जानकारी नहीं मिली है। जेआईसी के लिए रैफर कर दिया गया है। ज्वाइंट इनक्वायरी में ही कुछ जानकारियां सामने आ सकती हैं।



### 16वीं इंडो-चाइना कोर कमांडर मीट

## इस बार भारत की ओर से चुशूल में हो रही चर्चा; पूर्वी लद्दाख से चीनी सेना हटाने पर जोर होगा

**नई दिल्ली।** भारत और चीन के बीच चुशूल-मोल्दो में कमांडर लेवल की बातचीत शुरू हो चुकी है। इसके पहले 15वीं कोर कमांडर मीटिंग मार्च में हुई थी। माना जा रहा है कि 16वें दौर की इस बातचीत में गोगरा-हॉट स्प्रिंग्स में पेट्रोलिंग पॉइंट 15 के अलावा देमचोक और देप्संग से डिसएंगेजमेंट पर चर्चा हो सकती है। सूत्रों के अनुसार पूर्वी लद्दाख में लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर सेना विघटन के लिए बातचीत हो रही है। भारत की ओर से नेतृत्व फायर एंड फ्यूरी कोर कमांडर के लेफ्टिनेंट जनरल ए सेनगुप्ता कर रहे हैं। बैठक में 12 जनवरी को हुई पिछले दौर की चर्चा को आगे बढ़ाया जाएगा। गौरतलब है कि इससे पहले 15वें दौर की चीन-भारत कोर कमांडर-स्तरीय मीटिंग इसी साल 11 मार्च को हुई थी। भारत और चीन अप्रैल-मई 2020 से फिंगर एरिया, गलवान वैली, हॉट स्प्रिंग्स और कोंगरुंग नाला सहित कई क्षेत्रों में चीनी सेना के उल्लंघन के विवाद को सुलझाने की कोशिश में लगे हुए हैं।

# कांग्रेस नेता मार्गरेट अल्वा बनीं उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष की उम्मीदवार, पवार ने किया एलान

मरूधर आईना

**नई दिल्ली।**

भारत के उपराष्ट्रपति पद के लिए रविवार को विपक्ष की उम्मीदवार के तौर पर कांग्रेस नेता मार्गरेट अल्वा के नाम की घोषणा की गई है. राकांपा प्रमुख शरद पवार ने उनके नाम का एलान किया. इससे पहले दिल्ली में राकांपा प्रमुख शरद पवार के आवास पर विपक्षी दलों की बैठक हुई. बैठक में कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, माकपा नेता सीताराम येचुरी, शिवसेना नेता संजय राउत और अन्य मौजूद रहे. इस बैठक में उपराष्ट्रपति चुनाव व संसद के आगामी सत्र को लेकर चर्चा की गई. बैठक के राकांपा प्रमुख शरद पवार ने उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष की उम्मीदवार के तौर पर मार्गरेट अल्वा के नाम की घोषणा की. उन्होंने कहा कि इस सर्वसम्मत निर्णय के लिए 17 दल शामिल हैं



### मार्गेट अल्वा ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने बताया है कि मार्गरेट अल्वा ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है. वे निर्दलीय के तौर पर विपक्ष की साझा उम्मीदवार होंगी. मार्गरेट अल्वा आज रात दिल्ली पहुंचेंगी. मल्लिकार्जुन खड़गे ने मार्गरेट अल्वा को अनुभवी के साथ अल्पसंख्यक उम्मीदवार भी बताया है. मार्गरेट अल्वा कल दिल्ली में विपक्षी नेताओं से मुलाकात करेंगी.

### 19 तारीख को नामांकन करेंगी दाखिल

विपक्षी दलों की बैठक के बाद शरद पवार ने कहा कि विपक्ष की ओर से कांग्रेस नेता मार्गरेट अल्वा उपराष्ट्रपति पद की उम्मीदवार होंगी. वे 19 तारीख को अपना नामांकन दाखिल करेंगी. बताया जा रहा है कि बैठक के दौरान टीएमसी प्रमुख और पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी से संपर्क नहीं हो पाया. विपक्ष के उम्मीदवार को अब तक 17 पार्टियों का समर्थन है.

### ममता बनर्जी से नहीं हो पाया संपर्क

शरद पवार ने कहा, हम ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल से संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं. पिछली बार उन्होंने हमारे संयुक्त राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार का समर्थन किया था. वहीं शिवसेना ने उपराष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष के साथ रहने का फैसला लिया है.

# टोंक की 5 ऐतिहासिक बावड़ियों का होगा रिनोवेशन: सरकार ने 4 करोड़ किए मंजूर, पुराने स्वरूप में लौटने से पर्यटक होंगे आकर्षित

मरूधर आईना

**टोंक।** टोंक जिले की 5 ऐतिहासिक बावड़ियों का जल्द ही रिनोवेशन होगा। इसके लिए सरकार ने करीब 4 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। इसकी वित्तीय स्वीकृति मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया अपनाकर इन बावड़ियों का काम शुरू किया जाएगा। उसके बाद ये बावड़ियां पर्यटकों को और ज्यादा लुभाएंगी। जिले में कई जगह ऐतिहासिक बावड़ियां हैं, लेकिन ये देखरेख और मेंटिनेन्स के अभाव मे जीर्ण-शीर्ण हो रही हैं। इन बावड़ियों की कारीगरी बरबस ही लोगों का ध्यान आकर्षित करती है, लेकिन इनकी हालत देखकर निराश होते हैं। इनका रिनोवेशन कराकर इन्हें पर्यटन के रूप में विकसित करने के लिए सरकार गंभीर है। इसके चलते मुख्यमंत्री ने वर्ष 2022-23 के बजट में राज्य की ऐतिहासिक बावड़ियों का 20 करोड़ रुपए की लागत से रिनोवेशन कराने की घोषणा की थी। पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग पर्यटन विकास कोष से इन बावड़ियों का रिनोवेशन कराएगा। कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने भी इसमें रुचि दिखाते हुए टोड़ा रायसिंह की ऐतिहासिक बावड़ियों का जीर्णोद्धार करवाने के लिए पर्यटन विभाग को प्रस्ताव भिजवाया था। इनमें से टोंक की भी 5 बावड़ियों का रिनोवेशन करवाकर पर्यटन के रूप में विकसित की जाएंगी। इन पर 3 करोड़ 98 लाख खर्च होंगे। पर्यटन विभाग के निदेशक मधुसूदन चारण ने बताया कि के टोडारायसिंह की चोर बावड़ी, सहारदा बावड़ी, बोपत बावड़ी, किंग्सी बावड़ी और जगन्नाथ बावड़ी के रिनोवेशन के लिए 3.98 करोड़ रुपए मंजूर हुए हैं। रिनोवेशन के बाद ये बावड़ियां अपने पुराने स्वरूप में लौट सकेंगे, जिससे पर्यटक इनकी ओर अधिक आकर्षित होंगे।



# भगत सिंह को आतंकी कहने पर बोले कुमार विश्वास: चिंगारी सुलगा दी गई है, आग फैल रही है; पहले आगाह किया तो मुझ पर हंस रहे थे

**चंडीगढ़।** पंजाब के संगरूर से सांसद सिमरनजीत मान के शहीद भगत सिंह को आतंकवादी कहने की के बवाल में कवि कुमार विश्वास भी कूद गए हैं। कुमार ने सिमरनजीत मान के बयान की वीडियो ट्वीट की। जिसके ऊपर उन्होंने कहा कि चिंगारी सुलगा दी गई है, आग फैल रही है। पहले आगाह किया तो सब मुझ पर हंस रहे थे। शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) के प्रधान सिमरनजीत मान संगरूर से सांसद चुने गए हैं। दो दिन पहले करनाल में उन्होंने कहा कि भगत सिंह आतंकवादी थे। मान ने कहा कि भगत सिंह ने बेकसूर लोगों की हत्या की। असेंबली में बम फेंका। इसलिए वह आतंकवादी है। कुमार ने कहा कि शहीद ए आजम भगत सिंह, हम शर्मिंदा हैं। शायद हम स्वार्थी लोग आपके बलिदान के अधिकारी नहीं थे। चिंगारी सुलगा दी गई है, आग फैल रही है और सब अपने-अपने लोभ और डर से चुप हैं। जब आगाह किया था तो लोग मुझ पर हंस रहे थे। जितना आम जनता सोच रही है, हालात उससे कहीं ज्यादा खराब हैं, होंगे।

**विश्वास पर पंजाब में केस दर्ज-** कुमार विश्वास पर पंजाब में केस दर्ज है। उन पर आम आदमी पार्टी के चीफ अरविंद केजरीवाल को खालिस्तान समर्थक बताने का आरोप है।

# विधिक सेवा प्राधिकरण के पीएलवी ने अन्तर्राष्ट्रीय न्याय दिवस की जानकारी दी



मरूधर आईना

**आहोर/ विक्रमसिंह पचानवा** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौर के सचिव व अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार मीणा के आदेशानुसार पीएलवी नवीन कुमार ने अटल सेवा केन्द्र गुडा बालोतान में स्थानीय बच्चों एवं महिलाओं को जानकारी देते हुए बताया कि हर साल 17 जुलाई को पूरी दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का मुख्य कारण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर न्याय की उभरती हुई प्रणांली को पहचानना है । 17 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय न्याय के लिए विश्व दिवस के रूप में मनाया जाता है अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस लोगों को न्याय के समर्थन के लिए जागरूक करने और एकजुट करने के लिए मनाया जाता है । इसका मुख्य उद्देश्य पीड़ितों को उनके अधिकार के लिए बढ़ावा देना है । साथ ही इस दिन गंभीर मुद्दों में ध्यान देने के लिए दुनिया भर के लोगों को एकजुट करने और आकर्षित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है । अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस लोगों को न्याय के लिए एक साथ आने के लिए प्रेरित करने के लिए मनाया जाता है। यह दिन बताता है कि हम एक-दूसरे से कितने भी अलग क्यों न हों, जब न्याय की बात आती है, तो पूरी दुनिया एक हो जाती है ।इस अवसर पर ग्रामीण मौजूद थे।

# भानपुरा पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से 1 किलो 200 ग्राम अफीम जप्त की गई

**आरोपी नरेन्द्र पिता बाबुलाल वर्मा उम्र 30 साल निवासी त्रिमुर्ती कोलोनी पचपहाड़ जिला झालावाड़ राजस्थआन को गिरफ्तार किया गया है**

मरूधर आईना



**मंदसौर बंशीदास बैरागी**

**मंदसौर** पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया के द्वारा अवैध मादक पदार्थ की धरपकड़ कर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था । जो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ महेन्द्र तारणेकर साहब एवं SDOP महोदय गरोठ सोनु परमार के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी भानपुरा पुलिस के कुशल निर्देशन मे दिये गये दिशा निर्देशो से उनि.बलवीरसिहं यादव ,आर 891 हेमन्त पाटीदार ,आर 794 दुर्गाशकर मीणा, आर 107 रामनिवास बैगाना , चालक आर.710 शैतान कछावा द्वारा मुखबिर सुचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर अवैध मादक पदार्थ 1 किलो 200 ग्राम अफीम जप्त की गई दिनांक 14.07.2022 को उनि.बलवीरसिंह यादव को मुखबीर सुचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ती अपने हाथ में लाल रंग के बैग में अवेध मादक पदार्थ लेकर लेदी चोराहा पर खड़ा है जो कही जाने वाला है । जिन्हे तत्काल घेराबंधी कर पकडा जा सकता है जो मुखबीर सुचना विश्वसनीय होने से एन.डी.पी.एस एक्ट के प्रावधानो का पालन करते हुए आरोपी नरेन्द्र पिता बाबुलाल वर्मा उम्र 30 साल निवासी त्रिमुर्ती कोलोनी पचपहाड़ जिला झालावाड़ राजस्थआन को अवैध मादक पदार्थ अफीम के साथ पकड़ा गया जो आरोपी का कृत्य अपराध धारा 8/18 NDPS ACT के तहत दण्डनीय होने से आरोपी के कब्जे से 01 किलो 200 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम किमती 240000 रूपये जप्त की गई आरोपी के विरूद्ध थाना भानपुरा पर अपराध क्र 277/2022 धारा 8/18 NDPS ACT का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है आगे की कार्यवाही जारी है।

**गिरफ्तारशुदा आरोपी –**

नरेन्द्र पिता बाबुलाल वर्मा उम्र 30 साल निवासी त्रिमुर्ती कोलोनी पचपहाड़ जिला झालावाड़ राजस्थआन कार्यवाही में उप निरक्षक बलवीरसिहं यादव , आर 891 हेमन्त पाटीदार ,आर 794 दुर्गाशकर मीणा, आर 107 रामनिवास बैगाना , ,चालक आर.710 शैतान कछावा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है ।

# भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद आईसीएआर का 94वां स्थापना दिवस एवं किसानों की आमदनी दुगुनी का समारोह का वर्चुअल प्रसारण किया गया

मरूधर आईना



**गुडा़मालानी/ भावेश भील पूंजाबेरी/** आजादी के 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर भारत अमृत महोत्सव के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र गुड़ामालानी द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद आईसीएआर का 94वां स्थापना दिवस एवं किसानों की आमदनी दुगुनी का समारोह का वर्चुअल प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तौमर ने आज के स्थापना दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाने की आवश्यकता प्रतिपादित की। श्री तोमर जी और केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने संयुक्त रूप से किसानों को अपनी इच्छित भाषा में सही समय पर सही जानकारी प्राप्त करने की सुविधा के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म किसान सारथी लॉन्च किया। इस अवसर पर श्री नरेन्द्र तौमर जी ने देश के विभिन्न भागों से इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले 75000 किसानों का स्वागत कर विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कारों की घोषणा की और साथ ही आईसीएआर के द्वारा किसानों की आय दुगुनी करने की सफलता की कहानियों के प्रकाशन एवं विभिन्न प्रकाशनों का विमोचन भी किया। इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री कैलाश चैधरी ने भी अनुसंधान एवं नवाचारों के माध्यम से भारतीय कृषि क्षेत्र को समृद्ध बनाने के लिए देश के कृषि वैज्ञानिकों को बधाई दी। कार्यक्रम में बोलते हुए केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ बाबूलाल मीणा ने बताया कि आईसीएआर का यह 94वां स्थापना दिवस है साथ ही बाड़मेर क्षेत्र के विभिन्न गांवों से कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले किसान भाईयों महिलाओं स्वागत कर स्थापना दिवस की बधाई दी और आईसीएआर के द्वारा किये गये नये अनुसंधानए नवाचारों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। डॉ बीएल जाट ने कार्यक्रम के अन्त में स्थापना दिवस के अवसर पर भाग लेने वाले सभी क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सभी किसान भाई.बहनों को कृषि विज्ञान केन्द्र की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ गीतेश मिश्रा गंगाराम माली तुरफान खान दिनेश कुमार डुंगरा राम वेलाराम आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चोरी की घटना का खुलासाःपुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, किराना दुकान में की थी चोरी

मरूधर आईना




**जगमालसिंह राजपुरोहित**

**रानीवाड़ा–** रानीवाड़ा के सुंधामाता तीर्थ के पास राजपुरा में एक किराना दुकान में दो दिनों पूर्व हुई चोरी की घटना का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। वारदात में एक चोर को गिरफ्तार करने में जसवंतपुरा पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने चोरी की घटना को अंजाम देना कबूल कर लिया है।

बता दें कि 14 जुलाई रात्रि को राजपुरा में सुंधामाता किराना स्टोर में किसी अज्ञात व्यक्ति ने ताला तोड़कर सामान व नकदी चुराने का मामला दर्ज कराया था। थानाधिकारी मनीष सोनी ने डीएसपी शंकरलाल के निर्देशन में कार्रवाई कर गजीपुरा निवासी धीराराम पुत्र लसाराम लुहार को दस्तयाब कर लिया। आरोपी से पूछताछ करने पर उसने चोरी की घटना को कबूल कर लिया। कार्रवाई में सीसीटीवी कैमरे सहित तकनीकी मदद लेकर दो दिनों में चोर तक पहुंचने में कामयाब रहे है। जिसमें एएसआई किशनाराम व भैराराम की खास मदद मिली।

# बाड़मेर के टॉप वीएलई जयपुर में हुए सम्मानित



मरूधर आईना

बाड़मेर।। सीएससी के 13 वें स्थापना दिवस पर अमिती यूनिवर्सिटी जयपुर में आयोजित कार्यशाला में बाड़मेर जिले के सीएससी टीम ने भाग लेकर सीएससी सीएमडी डॉ दिनेश त्यागी को गुलदस्ता व माला पहनाकर स्वागत किया ,कार्यशाला में बाड़मेर जिले के आठ वीएलई को उत्कृष्ट कार्य करने पर सीएससी सीएमडी डॉ दिनेश कुमार त्यागी व राजस्थान स्टेट हेड आशीष कुमार पंवार द्वारा सम्मानित किया गया, सीएससी सीएमडी त्यागी ने बताया की सीएससी पिछले 13 वर्षों से भारत के प्रत्येक ग्राम पंचायत में केंद्र और राज्य सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं का समाज के निम्न स्तर तक पहुचा कर एक शशक्त भारत का निर्माण कर रही है,इस कार्यशाला में बाड़मेर जिले के सीएससी डीएम जोगेश्वर पारंगी, डीएम पीराराम,डीसी दिनेश सिंह, वीएलई राजवीर दान चारण, गोविंद बोस,देदाराम प्रजापत, ने कार्यशाला में लिया भाग।

# ग्रामीणों को कंटीली बाड़ का सहारा लेकर तय करना पड़ रहा है रास्ता, पंचायत की अनदेखी ग्रामीणों के लिए बनी समस्या



मरूधर आईना

**भाद्राजून.(संजय माली)** निकटवर्ती ग्राम पंचायत आईपुरा के राजस्व ग्राम सराणा में आम रास्ते पर कीचड़ के जमाव होने से स्थानीय ग्रामीणों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश हो या सामान्य मौसम गांव में कीचड़ जमा ही रहता है। ग्राम पंचायत द्वारा मार्ग पर सिवरेज पाईप लाईन व सीसी सड़क का कार्य किया गया, लेकिन पास ही 50 मीटर दूर रास्ता जहां राजपूत समाज के 25 परिवारो के मकान आये हुए हैं, वहां आने जाने के लिए कंटिली बाड का सहारा लेकर रास्ता तय करना पड़ता है। क्योंकि मार्ग पर पानी के फैलाव से मार्ग पर हमेशा कीचड़ जमा रहता है। स्थानीय प्रशासन की अनदेखी के कारण महिलाओं व बुजुर्गो को अपने कार्य के लिए आवागमन के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**इनका कहना....**

सीवरेज का काम शुरू है, वो पूरा होने के बाद उस पर सीसी रोड बन जायेगा,जल्द ही कार्य शुरू होगा

**विद्या देवी**
**सरपंच आईपूरा**

मीणा समाज के मोहल्ले में सिवरेज पाईप लाईन बिछाई जा रही थी तब सरपंच प्रतिनिधि को इस समस्या की ओर ध्यानाकर्षण करवाया गया था। लेकिन बजट नही होने का हवाला देकर अनदेखी की गई। जिसका खामियाजा स्थानीय ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

**छैलसिंह, स्थानीय मौहल्ले वासी सराणा।**

ग्राम पंचायत द्वारा नजरअंदाज कर 25 परिवारो के आने जाने में भारी समस्या हो रही वोटों की राजनीति से अनदेखा किया जा रहा है। यह ग़लत है सरपंच के खुद की गली में सिवरेज और सीसी सड़क कर दूसरों के साथ नाइंसाफी करना ग़लत है।

**जितेन्द्र दवे, ग्रामवासी सराणा।**

# बिजली केबल चोरी की एक और घटना का खुलासाः स्मैक के लिए करता था चोरी, घर वाले भी हो चुके परेशान



**जगमालसिंह राजपुरोहित/**

**रानीवाड़ा–** रानीवाड़ा के करड़ा क्षेत्र में बिजली केबल चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार कबूली की ढ़ाणी के पास जलदाय विभाग के ट्यूबवैल से बिजली केबल की चोरी के मामले में सेवाड़ा निवासी 30 साल के राकेश पुत्र किशनाराम विश्नोई को गिरफ्तार किया गया है।

करड़ा थानाधिकारी अमरसिंह ने बताया कि पिछले दिनों सेवाड़ा सरपंच के कृषि कुएं से बिजली की केबल चुराने की घटना का पर्दाफाश करने के बाद पुलिस ने कबूली की ढ़ाणी की घटना का भी खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर लाछीवाड़ निवासी असरक खां पुत्र रहमानखां के कब्जे से माल बरामद कर उसे भी अरेस्ट किया है।

# बरसाती पानी बना आफत, राहगीरों को झेलनी पड़ती है कई परेशानियां



मरूधर आईना

**जेठाराम बोस /सिणधरी।** के मुख्य बाजार में बरसात के मौसम में प्रागनाथ मार्केट के आगे मेन बाजार में बरसाती पानी की वजह से व्यापारियों व राहगीरों को कई परेशानियां झेलनी पड़ती है। बाड़मेर जालौर हाईवे के पास बना नाले से भी जो गंदा पानी सीधा बाजार में जाता है जिस वजह से मेन बाजार में गंदा पानी इकट्ठा हो जाता है। इस गंदगी को लेकर कोई प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान। किसकी वजह से कई बार बाइक फिसलने से कई युवक चोटिल हो जाते हैं। मेन मार्केट सर्कल के पास तो इतना कीचड़ हो जाता है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है।

व्यापारियों का कहना है कि कई बार जनप्रतिनिधियों को अवगत भी करवाया, लेकिन जलभराव की समस्या जस की तस बनी हुई है।

# खारी नदी में फंसे 2 युवकों को बचायाः रपट पर तेज बहाव में बही थी बोलेरो, पुलिस ने रेस्क्यू कर निकाला

मरूधर आईना

**जगमालसिंह राजपुरोहित मोदरान/ जालोर–** जालोर के बागरा पुलिस थाना इलाके में खारी नदी के रपट पर शुक्रवार देर रात तेज बहाव में बोलेरो सहित 2 युवक बह गए। बाद में बोलेरो के अटकने पर दोनों युवक गाड़ी पर खड़े हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने रात को ही रेस्क्यू अभियान चलाकर 2 युवकों और वाहन को सुरक्षित निकाल लिया।



SP हर्षवर्धन अग्रवाला ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 11.50 बजे पुलिस थाना बागरा में फोन पर सूचना मिली कि ग्राम चांदणा और भेटाला के बीच खारी नदी की रपट पर पानी का तेज बहाव होने से एक बोलेरो गाड़ी नदी में बह गई है। गाड़ी में दो व्यक्ति सवार हैं, जो गाड़ी के ऊपर खड़े हैं तथा नदी के बीच फंसे हुए हैं। इस सूचना बागरा थानाधिकारी तेजूसिंह और पुलिस चौकी सियाणा से जाप्ता के साथ मौके पर पहुंचे।

इसके बाद रात को रेस्क्यू अभियान चलाकर नदी में पानी के बीच फंसे बारलावास निवासी श्रवण कुमार पुत्र वागा राम और सियाणा निवासी उत्तम कुमार पुत्र पदमा राम जातियान सरगरा को रस्सी की सहायता से सुरक्षित बाहर निकाला गया। इसके साथ ही पानी में नदी के बीच फंसी बोलेरो को ट्रैक्टर की सहायता से बाहर निकाला गया।

रपट पर बह रहे पानी के दोनों तरफ मुख्य सड़क पर सुरक्षा के लिए बैरिकेट लगाकर पुलिस जाप्ता तैनात किया गया है। वाहनों का आवागमन पूर्णतया बंद कर दिया गया है। एसपी ने बताया कि इस कार्रवाई में सियाणा चौकी के कॉन्स्टेबल रामनिवास का सराहनीय सहयोग रहा।

# कॉन्स्टेबल सीखा रही सेल्फ डिफेंस के गुर, स्कूल-कॉलेज और आंगनबाड़ी में महिला और बालिकाओं को दे रही ट्रेनिंग



मरूधर आईना

**जगमाल सिंह राजपुरोहित मोदरान/ जालोर–** राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर से ट्रेनिंग लेकर लौटी 6 महिला कॉन्स्टेबल ने जालोर पुलिस लाइन में 28 महिला कॉन्स्टेबल को सेल्फ डिफेंस में ट्रेंड किया है। अब ये महिला कॉन्स्टेबल अपने थाना क्षेत्र में स्कूल, कॉलेज, आंगनवाड़ी सहित विभिन्न संस्थानों में महिला और बालिकाओं को प्रशिक्षण दे रही हैं, जिससे महिला प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्म रक्षा कर सकें। जालोर जिले के सायला में गवर्नमेंट गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। जालोर पुलिस लाइन में सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद जिले की बालिकाओं को आत्मरक्षा हेतु प्रशिक्षित किया जा रहा है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला के निर्देशन में और एएसपी डॉ. अनुकृति उज्जैनिया के सुपरविजन में सायला थानाधिकारी ध्रुवप्रसाद के नेतृत्व में सायला कस्बे में पुलिस थाना के निकट गवर्नमेंट गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में सायला पुलिस थाने की महिला कॉन्स्टेबल सुशीला ने आत्मरक्षा को लेकर बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि बालिकाओं को शारिरिक व मानसिक रूप से आत्म निर्भर बनाने के उद्देश्य से जिलेभर में इस प्रकार के कार्यक्रमों के तहत बालिकाओं को आत्मरक्षा करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे महिलाएं एवं बालिकाएं प्रतिकुल हालातों में बिना विचलित हुए उसका सामना कर सकें। महिला कांस्टेबल सुशीला ने स्कूली बालिकाओं को सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण दिया।

# प्लेटफार्म पर कोच डिसप्ले नहीं होने से ट्रेन आने पर होती है अचानक भगदड़, यात्री परेशान

**जोधपुर मंडल के समदड़ी, मोकलचर, जालोर व मोदरान स्टेशन पर नही है कोच डिस्प्ले बोर्ड**

मरूधर आईना

**जालोर/मोदरान।** जोधपुर मंडल के समदड़ी भीलडी रेल मार्ग के मोकलचर ,जालोर ,मोदरान ,रानीवाडा व धनेरा रेलवे स्टेशन पर जहां अधिकांश ट्रेन रुकती है। इस प्लेटफार्म पर इलेक्ट्रिक स्लाइड बोर्ड नहीं होने से ट्रेन आने पर अचानक लोगों को बड़ी भारी परेशानी होती है। यात्री पुरुष महिला बच्चों को ट्रेन की वजह से भागदौड़ करनी पड़ती है। भागदौड़ के कारण दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। रेलवे विभाग इस ओर कोई ध्यान नही दें रहा है। प्लेटफार्म पर इलेक्ट्रक लाइट डिस्प्ले बोर्ड लगवाए। जालोर मोकलचर व मोदरान रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर मीडिया से मौजूद अनेकों पुरुष महिला यात्रियों ने अपनी वेदना व्यक्त करते हुए बताया कि यहां प्लेटफार्म पर डिब्बे की इलेक्ट्रिक डिस्प्ले बोर्ड नहीं होने व ट्रेन मात्र दो तीन मिनट रुकने से यात्रियों को कोच ढुडने व ट्रेन मे चढने उतरने मे बहुत परेशानी होती है। दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। ट्रेन आने पर अचानक ही यात्री भगदड़ करते देखे जाते हैं। यात्रियों ने रेलवे विभाग की लापरवाही पर खेद व्यक्त करते हुए शीघ्र इलेकट्रिक डिस्प्ले बोर्ड लगाने की मांग की है। ताकि लोगों को अपने डिब्बे का पता लग सके। ट्रेन आने से पूर्व यथा स्थान खड़े हो जाएं ताकि बैठने में परेशानी नहीं हो। यात्री पुरुष, महिला बच्चों को ट्रेन आने पर प्लेट फार्म पर ट्रेन के



साथ दौड़ते हुए अचानक भगदड़ नहीं करनी पड़े।

रेलवे के स्थानीय अधिकारियों की माने तो विभाग से मांग की हुई है। कब लगेगी पता नहीं।

**इनका क्या कहना**

हमे रात्रि में ट्रेन में यात्रा करते समय प्लेटफार्म पर कोच डिस्प्ले बोर्ड नहीं लगे होने की वजह से अपना सामान व परिवार सहित यात्रा करने कोच ढुडने ,सामान लेकर चलने व चढने में बहुत ज्यादा परेशानी होती है। क्योंकि ट्रेन फिक्स जगह से कभी कभी आगे तो कभी पीछे व मात्र तीन मिनट ही ठहराव है।

**रतन सिंह सोढा राजपुरोहित**
**वयवसायी ,अहमदाबाद।**

# ग्राम विकास अधिकारी संघ के पदाधिकारियों ने सौपा ज्ञापन

मरूधर आईना

**( माणकमल भंडारी )/ भीनमाल** । ग्राम विकास अधिकारी संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पूर्व विधायक डॉ. समरजीतसिंह को ज्ञापन देकर समस्या का समाधान कराने का आग्रह किया है । ब्लॉक ग्राम विकास अधिकारी संघ के अध्यक्ष सत्यप्रकाश सारण ने बताया कि ग्राम विकास अधिकारी संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने वादा खिलाफी आंदोलन के तृतीय चरण में पूर्व विधायक डॉ. समरजीतसिंह राठौड़ को ज्ञापन दिया । राज्य सरकार के साथ हुई लिखित समझौते के बाबजूद समझौता लागू नहीं करने के लिए प्रदेश के ग्राम विकास अधिकारियों में जबरदस्त निराशा तथा आक्रोश व्याप्त है । राज्य सरकार द्वारा वादाखिलाफी करने के आक्रोश में रविवार को तृतीय चरण में पूर्व विधायक डॉ. समरजीतसिंह को ज्ञापन देकर पंचायती राज मंत्री, प्रमुख शासन सचिव को फोन कर ग्राम विकास अधिकारीयो के पक्ष में किए समझौते को लागू करने का आग्रह किया ।

# भाजपा के भूचाल से फिर उड़े कांग्रेस के पुर्जे

मरूधर आईना

**मंदसौर बंशीदास बैरागी / मंदसौर** इस बार मंदसौर नगरपालिका चुनाव में वैसे तो हार - जीत का अनुमान लगाना मुश्किल था । लेकिन फिर भी इतना बड़ा विस्फोटक परिणाम सामने आएगा , इसकी उम्मीद नहीं थी । कांग्रेस का पूरी तरह से न सिर्फ सुपड़ा साफ हुआ , बल्कि अधिकांश कांग्रेसी प्रत्याशी इस तरह से हारे कि किसी को उम्मीद नहीं थी । सबसे महत्वपूर्ण बात कि इस बार तीन निर्दलीय सुनील बंसल , शराफत शेख और दिव्या अनूप माहेश्वरी चुनाव जीते । अलग - अलग याद रहेगी जब - साइ बल्कि जो आठ भाजपाई प्रत्याशी हारे है , उनमें संजय पुरडिया और विजय पोपट की हार चर्चाओं में रही । कुल मिलाकर चुनाव में भाजपा के 29 प्रत्याशी तो कांग्रेस के आठ जीते । तीन पर निर्दलीय काबिज हुए । सुबह से ही महाविद्यालय परिसर में पार्षद



प्रत्याशियों और उनके समर्थक पहुंच गए थे । महाविद्यालय में जिनकी इंट्री थी , उन्होंने प्रवेश किया । सिर्फ एक से डेढ़ घंटे में ही परिणाम सामने आ गए । शुरुआत में बढ़त बनाने वाले आखिरी तक बढ़त में रहे और अंत में विजयी प्राप्त की । महाविद्यालय परिसर में मतगणना के दौरान जैसे जैसे रुझान आते गए , किसी के चेहरे पर खुशी तो किसी के चेहरे उतरते नजर आए कई प्रत्याशी अपनी हार किनारे पर देखकर वहां से घर के लिए भी निकल गए । अखिरकार भाजपा के पक्ष में एक तरफा परिणाम मिले । समर्थक पहले ही जीत के जुलूस की तैयारी कर चुके थे । श्री कोल्डचौराहा पर भाजपा के झंडे लिए कई भाजपा कार्यकर्ता पहले ही तैयार थे । जैसे ही प्रत्याशी बाहर निकले , उनका स्वागत किया गया । इसके बाद जीतने वाले प्रत्याशियों के वार्ड में पहले ही स्वागत की तैयारी कर ली गई थी । वार्ड में पहुंचते ही ढोल ढमाकों के साथ स्वागत किया गया ।

## कस्बे समेत क्षेत्र के गांवों में व्याप्त बेसहारा पशुओं की समस्या का नहीं हो रहा पा रहा समाधान बेसहारा पशुओं का मवेशियों का आतंक राहगीर हो रहे चोटिल

मरूधर आईना

**उम्मेदाबाद** कस्बे में में पिछले लंबे समय से प्यात आवारा पशुओं की समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो पा रहा है आवारा पशुओं की वजह से यहां आए दिन आ जाते घटित हो रहे हैं हादसो में कई लोग चोटिल भी हो चुके हैं वह एक युवक व बुजुर्गो अपनी जान भी गंवा चुके हैं लेकिन इन आवर पशुओं की जलवत समस्या का स्थाई निराकरण नहीं हो पा रहा है कस्बे में स्टेट हाईवे पर रोड पर मैन स्टेशन हॉस्पिटल चौराहा खरल रोड पर सायला के मेन बाजार में सुमित विभिन् स्थानों पर दिन भर बेसहारा पशुओं का जमघट लगा रहता है कस्बे में जगह जगह बेरोकटोक विचरण कर रहे हैं इन बेसहार पशुओं के कारण राहगीरों व वाहन चालकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वही इन व्हिच आर पशुओं द्वारा हमेशा लोगों को चोटिल करने का भी अंदेशा बना रहता है कस्बे वासियों द्वारा पिछले लंबे से की जा रही है मांग बाजूद ग्राम पंचायत इस और कोई ध्यान नहीं दे रही हैं दो की मौत के साथ दर्जनों हुए चोटिल कस्बे में इन बेसहारा पशुओं की वजह से पूर्व में कई लोगों चोटिल हो चुके हैं वही एक युवक की मौत भी हो चुकी हैं इसके अलावा क्षेत्र के सायला मैं आवारा पशु की वजह से एक महिला भी मौत हो चुकी है बेसहारा पशुओं की वजह से कस्बे में गत महीने एक बाइक सवार युवक की भी जान पर बन गए आई थी बेसर परसों दिन भर भीड़ भाड़ वाली जगह तथा मोहल्ला में घूमते रहते हैं तथा अचानक ही आपस में लड़ना शुरू कर देते हैं ऐसे में यह विचार पशु आसपास से गुजर रहे लोगों को भी चपेट में ले लेते हैं जहां यह आवारा पशु लोगों की जान के लिए आप ता बनी हुई है वहीं ग्राम पंचायत द्वारा इन पर नकेल नहीं कसी जा रही हैं अभी तक नसीब नहीं आचार्य कस्बे में पिछले लंबे समय से बेसहारा पशुओं के आतंक से कस्बे वासियों को निजात दिलाने को लेकर पिछले ग्राम पंचायत प्रशासन की ओर से बेसहारा पशुओं को स्थाई आश्वय देने का अभियान छोड़ा गया था इस अभियान के तहत विस्तार पशुओं को का चेन्हकरणी भी किया गया था लेकिन अभी तक निबेश्वर पशुओं को कोई सहारा एवं स्थाई ठिकाना नसीब नहीं हो पाया है ।

# पटवारी भवन के पास हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है

### जालोर उम्मेदाबाद कस्बे में पाइप लाइन लीकेज होने से बर्बाद हो रहा पानी

### पाइप लाइन लीकेज होने से बर्बाद हो रहा पानी

मरूधर आईना



**उम्मेदाबाद रमेश कुमार परमार** काफी समय से पाइप लाइन न बदले जाने की वजह से जर्जर हो चुके पाइप जगह-जगह से लीकेज होना शुरु हो गए है। जिससे प्रतिदिन हजारों लीटर पानी की बर्बादी हो रही है, इतना ही नहीं पाइप के लीकेज होने के कारण...

पाइप लाइन लीकेज होने से बर्बाद काफी समय से पाइप लाइन न बदले जाने की वजह से जर्जर हो चुके पाइप जगह-जगह से लीकेज होना शुरु हो गए है। जिससे प्रतिदिन हजारों लीटर पानी की बर्बादी हो रही है, इतना ही नहीं पाइप के लीकेज होने के कारण प्रेशर कम होने की वजह से लोगों को पानी भी पूरा नहीं मिल पा रहा। शिकायतों के बाद भी सुनवाई न होने से लोगों को गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है जिससे लोगों में रोष दिखाई दे रहा है।

जल आपूर्ति के लिए डाली गई पाइप लाइन काफी जर्जर हो जाने के कारण कस्बे के मुख्य चौराहा, पटवारी भवन के पास के पास लिकेज होने से पानी बर्बाद हो रहा है। इसके साथ ही जल भराव से हो रही गंदगी से दुकानदारों ने बीमारी फैलने की आशंका जताई है। विभागीय औपचारिकता के चलते गंदे पानी का रिसाव पाइप में हो रहा है। जर्जर पाइपों के ने बदले जाने की वजह से पुराने पाइपों में जंग लगने के कारण जगह-जगह से टूट चुके हैं। पेयजल योजना के अस्तित्व में आने के बाद से पाइपों को नहीं बदला गया है साथ ही मुख्य पाइप लाइन को पुराने पाइप से ही जोड़ दिया गया है। उधर सड़क विस्तार व चौड़ीकरण के कारण पाइप में भारी वाहनों के आवागमन का प्रभाव पड़ रहा है। बस्ती के भीतर सीसी रोड का निर्माण तो किया जा रहा है, किंतु पहले से लगाए गए पाइप के विस्तार में सुधार नहीं किया गया है। पुराने पाइप लाइन में जल प्रवाह किए जाने के कारण पेय जल योजना का बेहतर लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है।

### क्या कहते है कस्बावासी

चौराहे पर पाइप लाइन लिकेज होने के चलते गंदगी फैली हुई है। जिस पर पड़ा कूड़े का ढ़ेर सड़ने से संक्रामक बीमारियों को खतरा मंडरा रहा है। कई बार शिकायत किए जाने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं की गई।

**भारताराम किराणा दुकानदार**

काफी समय से दुकानों के सामने हो रहे लिकेज के जलभराव से कस्टमर दुकानों पर आने से कतराते हैं जिससे दुकानदारी प्रभावित होती है। कई बार विभाग को सूचित किया गया है लेकिन सुधार नही हो रहा है।

**तोलाराम कस्बावासी**

पेय जल योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र पर डाली गई पाइप लाइन लिकेज होने कारण बेहटी गांव तक पानी नही पहुंच रहा जिसकी शिकायत विभाग को की जा चुकी है जिससे ग्रामीणों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इनका कहना है इकबाल पाइप लाइन से प्रतिदिन हजारों लीटर पानी बर्बाद हो कर सड़क पर फैलता है। घरो पर लगे नल पर अधिकांश गांवो में टोटी न लगाए जाने के कारण वहाँ भी पानी बर्बाद होता रहता है। विभाग को लिकेज बंद कर नहीं जा रहे हैं

## नाथजी के चरणों मे झुकाए शीश. महाप्रसादी का हुआ आयोजन



मरूधर आईना

**सायला/उम्मेदाबाद /कैलाश कुमार चौहान/** उपखंड क्षेत्र के बैरठ गाँव मे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री केशरनाथजी अखाडा मे भव्य आयोजन श्री 108 ईश्वरनाथजी महाराज की मौजूदगी मे किया गया. इस अवसर पर रात्रि मे भजन संध्या का आयोजन बाल कलाकार सुरेस्त्रश लुहार के द्वारा एक से बढ़कर एक भजनो की प्रस्तुति दी गई. वही अलसवेरे महादेव मंदिर पर अभिषेक का आयोजन महामंत्रो के द्वारा किया गया वही गाजो बाजो व मंगलगीतों के साथ साधु संतो का स्वागत कर महाप्रसादी का आयोजन भामाशाह दरगाराम व रनाराम पुत्र पोलाजी लुहार द्वारा किया गया इस अवसर पर आसपास के दर्जनों गाँवों के लोगो ने मंदिर मे माथा टेककर खुशहाली की मन्नत मांगी गई इस मौके पर सेकड़ो की तादाद मे भक्तजन मौजूद थे.

## बरसाती पानी बना आफत, राहगीरों को झेलनी पड़ती है कई परेशानियां



मरूधर आईना

**सिणधरी।** जेठाराम बोस/ सिणधरी के मुख्य बाजार में बरसात के मौसम में प्रागनाथ मार्केट के आगे मेन बाजार में बरसाती पानी की वजह से व्यापारियों व राहगीरों को कई परेशानियां झेलनी पड़ती है। बाड़मेर जालौर हाईवे के पास बना नाले से भी जो गंदा पानी सीधा बाजार में जाता है जिस वजह से मेन बाजार में गंदा पानी इकट्ठा हो जाता है। इस गंदगी को लेकर कोई प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान। किसकी वजह से कई बार बाइक फिसलने से कई युवक चोटिल हो जाते हैं। मेन मार्केट सर्कल के पास तो इतना कीचड़ हो जाता है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। व्यापारियों का कहना है कि कई बार जनप्रतिनिधियों को अवगत भी करवाया, लेकिन जलभराव की समस्या जस की तस बनी हुई है।

**इनका कहना है कि**

मेन बाजार मे बरसात के मौसम में बाजार में इस कीचड़ की वजह से कई बीमारियों का खतरा रहता है बाजार खरीदारी के लिए आने वाले लोगों को बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है

**-कंवराराम बोस**
**दुकानदार**

## संकट में है गौ वंश, पिछले कुछ दिनों से विकट परिस्थितियों में गौ माता

मरूधर आईना

**जैसलमेर /राकेश दहिया /** शास्त्रों से लेकर आज तक गाय को हमारी माता का दर्जा दिया है। इनके पौष्टिक दूध से हम ऊर्जावान रहते हैं। दुखद सच्चाई ये है कि इन दिनों थार मरुस्थल में गायों में एक संक्रामक रोग फैल रहा है,



जिसमे गायों के शरीर पर बड़े दानेनुमा छाले हो रहे है, ये छाले पीठ से शुरू होकर, गर्दन से होते हुए मुंह के आन्तरिक भागो में जुबान तथा तालू भाग पर भी बड़े पैमाने पर होना शुरू हो गए हैं , छालो के दर्द होने से गायों में खाना पीना भी नही हो पाता है, और गाय कमजोर पड़ कर, शरीर गलना शुरू हो जाता है। कुछ दिन बाद वह सक्रमण बड़ा रूप लेता है, और गाय की मौत हो जाति हैं।बेहद चिंता का विषय है , इस बीमारी से वाकिफ हो कर भी,पशु पालन विभाग द्वारा कोई शख्त कदम नही उठाए जा रहे हैं । इस बिमारी के लक्षण जानकर, उपचार के लिए कोई दवाई के शोध की मांग करते हुए जनता और गौ सेवक भारी नाराज दिख रहे हैं।

चांधन, जेठा, कर्मो की ढाणी, सांवला, सगरा, भंवर सिंह की ढाणी, भेरवा, झाबरा, डेलासर, सोढाकोर, धायसर के अलावा जशहड़ौत भाटियो के 12 गांवों में ये रोग तेजी से फैल रहा है जिसका शिकार बेजुबान मासूम गौ वंश हो रहा है।। बुजुर्गो और अन्य वरिष्ठ लोगो से इस बीमारी के बाबत पूछताछ की तो उन्होने बताया कि ये हमने पहली बार देखा है की गायों में इस प्रकार कोई रोग फैलता है,,कुछ लोगो ने बताया कि मानव शरीर पर होने वाले अच्छबड़े जिसने पूरे शरीर पर छाले होते हैं ये उसी प्रकार है, पर गौर करें तो ये गायों के लिए जानलेवा साबित हो रही हैं। समय रहते इसके लिए उपचार और निराकरण न निकला तो न जाने कितनी सैकड़ों की संख्या में गायों की मौत होगी।। आस पास के बाड़मेर के कुछ जगहों पर भी इसके लक्षण मिले हैं जिससे, गौ सेवक एवम् गौ पालक भारी चिन्ता और सन्देह में नज़र आ रहे हैं। आमजन को सरकार के ठोस कदम का इंतजार है पर, पशु चिकित्सा विभाग द्वारा कोई शख्त कदम नही उठाए गए हैं।

## भाजपा सत्यपुर मंडल की कार्य समिति की बैठक आयोजित

मरूधर आईना



**( माणकमल भंडारी ) भीनमाल** । निकटवर्ती सिद्धेश्वर गांव में स्थित चामुंडा माता मंदिर प्रांगण में भाजपा सत्यपुर मंडल की कार्य समिति बैठक का आयोजन किया गया ।

बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली की अध्यक्षता, सांचोर पूर्व विधायक जीवाराम चोधरी, भाजपा नेता दानाराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य में संपन हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव ने बूथ अध्यक्ष को पार्टी की धूरी बताया और कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए सक्रिय होना जरूरी है। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक जीवाराम चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार के शासन में जनता त्रस्त है। वर्तमान सरकार हर मोर्चे पर विफल है। दानाराम चौधरी ने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। सत्यपुर मंडल अध्यक्ष अर्जुनसिंह सरवाना ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

इस अवसर पर गणपतलाल पुरोहित पालडी, गजेन्द्रसिंह कारोला, पहाड़सिंह राव बोरली, मोड़सिंह डभाल सरपंच, सांवतदान भुवाणा, विजयपालसिंह दांतिया, उम्मेदसिंह, केहरसिंह बावरला, जयसिंह भीखाजी की ढाणी, चेलाराम, सतीश पुरोहित, भरतसिंह कीलवा, डूंगरसिंह, मोहनलाल, बाबूलाल हरशिया, ईश्वरलाल मोदी, रमेश चौधरी, थानाराम, गेनाराम, मंजू देवासी, हरीश गर्ग, जेठूसिंह, राजाराम चौधरी, पीराराम, सोनाराम, केसाराम, जोधाराम सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## लायंस क्लब का शपथ ग्रहण समारोह हुआ आयोजित



मरूधर आईना

**( माणकमल भंडारी )/ जालोर** । लायंस क्लब द्वारा रविवार को वर्ष 2022-23 के लिए नवगठित टीम का शपथ ग्रहण समारोह होटल विजय पैराडाइज में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के नाते उप प्रांतपाल डॉक्टर संजीव जैन व अध्यक्षता जालोर क्लब अध्यक्ष लॉयन किशन माहेश्वरी ने की। वही विशिष्ट अतिथि के नाते संभाग अध्यक्ष रणजीत बांठिया व क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रतीक शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम में आगामी वर्ष 2022-23 हेतु लॉयन विजय मोदी को अध्यक्ष, लॉयन अमन देवेंद्र मेहता को सचिव व लॉयन रक्षित माथुर को कोषाध्यक्ष के दायित्व की शपथ दिलाई। वही उपाध्यक्ष पद पर लॉयन डॉक्टर एस पी शर्मा, लॉयन पवन बेनीवाल, लॉयन दामोदर भूतड़ा मनोनीत किये गये । मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि कार्यक्रम में वरिष्ठ लॉयन श्यामसुंदर गोयल, पूर्व संभाग अध्यक्ष दीपेश सिद्धावत, प्रवीण अग्रवाल, बी. एम. जैन, सरदारखान खोखर, राजेंद्र जैन, नंदकिशोर बंसल, संजय जैथलिया, मधुरश्याम गुप्ता, मुकेश मोदी, राकेश भंसाली, राजेंद्र भूतड़ा आदि लायंस क्लब के कार्यकर्ता उपस्थित रहे । इस मौके वर्ष 2021-22 में क्लब द्वारा किए गए कार्यों में सहयोग करने वाले भामाशाहों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया । मंच संचालन लॉयन कालूराज मेहता ने किया।

## आमजन के लिए कॉलोनी में लगाया वाटरकूलर



मरूधर आईना

**कानाराम प्रजापति**
**जयपुर(निस)।** जयपुर की शिव वाटिका कॉलोनी गोविंदपुरा कालवाड रोड जयपुर में स्थित श्रीराम मंदिर में आवास फाइनेंशियर्स लिमिटेड के सहयोग से आमजन के लिए एक वाटर कूलर लगाया गया। शिव वाटिका विकास समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार कुमावत और आवास फाइनेंस लि. गोविंदपुरा के ब्रांच मैनेजर नरेश सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान कौशल शर्मा, गोविंद ग्रीन सिटी 20 विकास समिति के अध्यक्ष, राजेश यादव, मदन चौधरी, महेंद्र सांखला, भैरू सिंह, महेश शर्मा, रामरूप सिंह, आदि कॉलोनी वासी मौजूद रहे।

## गर्भवती महिलाओं की डॉ. भाटी ने करवाई नॉर्मल डिलीवरी

मरूधर आईना

**जगमाल सिंह राजपुरोहित मोदरान/ जालोर।** रेवदर उपखंड क्षेत्र के करोटी में स्थित श्री रामदेव गायनिक हॉस्पिटल में कार्यरत नॉर्मल डिलीवरी स्पेशलिस्ट डॉ एसएस भाटी की नॉर्मल डिलीवरी करवाने की ख्याति दूर-दूर तक प्रख्यात है। ऐसा कहा जाता है कि जो डिलीवरी कोई नहीं करवा सकता, वो डिलीवरी डॉक्टर एसएस भाटी बड़ी आसानी से करवा देते है। श्रीमती वीणादेवी पत्नी नैनमल राजपुरोहित निवासी मीठड़ी (आहोर) को डिलीवरी का दर्द होने पर सिरोही के बहुत बड़े अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां हाई बीपी गले में आवल का आंटा होने की वजह से वहां के डॉक्टर ने सिजेरियन ऑपरेशन की सलाह दी है और यह भी कहा कि अगर जल्द से जल्द सिजेरियन ऑपरेशन नहीं करवाया तो मां और बच्चे दोनों को जान का खतरा है परिजन घबरा गए और महिला को आनन फानन में करोटी में मौजूद



श्री रामदेव हॉस्पिटल पहुंच डॉ एसएस भाटी से मिले। जहां डॉक्टर एस एस भाटी ने कुछ ही समय में नॉर्मल डिलीवरी करवा कर परिजनों और गर्भवती महिला को राहत पहुंचाई सभी ने डॉ एसएस भाटी को कोटि-कोटि धन्यवाद दिया। इसी तरह श्रीमती शारदादेवी पत्नी शिवाराम कोली निवासी हड़मतिया (रेवदर) के पूर्व में चार लड़कियां थी इस बार डॉ एसएस भाटी ने डिलीवरी करवाई और उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई पूरे परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। तथा पूरे हॉस्पिटल में मिठाईयां बाटी।

## स्थानीय विधायक मुद्दे पर भाजपा नेता का विवादित बयानः बोले-जयपुर जाने का भाड़ा नहीं, बात कर रहे विधायक बनने की..

मरूधर आईना

**गुड़ामालानी/भावेश भील पूंजाबेरी/** गुड़ामालानी इलाके में हुई BJP मीटिंग का एक वीडियो सौशल साइट पर सामने आया है। वीडियो में भाजपा जिला महामंत्री ने स्थानीय विधायक बनाने के मुद्दे पर विवादित टिप्पणी करते हुए कहा कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर स्थानीय विधायक की वार्ता कर रहे है लेकिन उनके पास जयपुर जाने का भाड़ा-किराया तक नहीं है और विधायक बनने की बातें हो रही है। इसके विरोध में स्थानीय युवाओं के साथ जनप्रतिनिधि, कांग्रेस, आरएलपी और किसान संघ के पदाधिकारियों ने बयान कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि महामंत्री से सार्वजनिक रूप से माफी मांगे अन्यथा आगामी दिनों में इसको लेकर आंदोलन होगा। विवादित बयान के बाद गुड़ामालानी के युवा, जनप्रतिनिधि, कांग्रेस व आरएलपी, किसान नेताओं ने मीटिंग कर बोले नेता सार्वजनिक माफी मांगे। विवादित बयान के बाद गुड़ामालानी के युवा, जनप्रतिनिधि, कांग्रेस व आरएलपी, किसान नेताओं ने मीटिंग कर बोले नेता सार्वजनिक माफी मांगे। दरअसल, चार-पांच दिन पहले गुड़ामालानी के बांटा ढीमड़ी में भाजपा कार्यसमिति की मीटिंग में भाजपा प्रदेश मंत्री के.के. विश्नोई, जिला महामंत्री सुखराम विश्नोई, गुड़ामालानी विधाननसभा के बीजेपी नेता व जनप्रतिनिधि मौजूद थे। इस दौरान जिला महामंत्री सुखराम विश्नोई ने अपने उद्बोधन कहा कि गुड़ामालानी में युवा सोशल साइट्स पर स्थानीय विधायक बनाने की बाते हो रही है। लेकिन इनके पास जयपुर जाने का भाड़ा-किराया तक नहीं है। विधायक बनने की बातें हो रही है। करके बयान पर आपत्ति जताते हुए कहा कि भाजपा नेता ने स्थानीय लोगों की भावना को ठेस पहुंचाया है और भाजपा महामंत्री को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। अन्यथा आगामी दिनों में इसको लेकर आंदोलन किया जाएगा।

## संपादकीय

# सहज-सरल न्याय

यह बात महत्वपूर्ण है कि केंद्र सरकार और न्यायपालिका मानती हैं कि अदालतों में स्थानीय भाषाओं को प्राथमिकता दिये जाने से आम नागरिकों का न्याय प्रणाली पर भरोसा बढ़ेगा। छह साल के अंतराल के बाद दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित मुख्यमंत्रियों व उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के संयुक्त सम्मेलन में इस बात पर गंभीर चर्चा हुई कि आम आदमी को सहज, सरल व त्वरित न्याय कैसे मिले। न्यायिक सुधारों को लेकर गंभीर विमर्श में शामिल रहने वाले मुख्य न्यायाधीश एनवी रमण ने कहा कि वक्त की दरकार है कि अदालतों में स्थानीय भाषाओं को लागू किया जाये, जिसके लिये एक कानूनी व्यवस्था की जरूरत है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अदालती फैसले सालों-साल तक सरकारों द्वारा लागू न करना देश हित में नहीं है। साथ ही कहा कि संविधान द्वारा निर्धारित विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका की जवाबदेही का निर्धारण किया गया है, जिसकी लक्ष्मण रेखा का हमें उल्लंघन नहीं करना चाहिए। वहीं न्यायिक सक्रियता पर कहा कि यदि ग्राम पंचायत, नगरपालिका, पुलिस आदि अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन करें तो लोगों को कोर्ट आने की आवश्यकता ही नहीं होगी। नीति बनाना कोर्ट का काम नहीं है, लेकिन नागरिकों की शिकायतों की भी अनदेखी नहीं की जा सकती। साथ ही विधायिका को सचेत किया कि कानून बनाते समय व्यापक विमर्श व गंभीर चर्चा की जरूरत है ताकि उससे प्रभावित होने वालों की दिक्कतों का ध्यान रखा जा सके। साथ ही लोगों की आकांक्षाओं व आवश्यकताओं का ध्यान रखना भी जरूरी है, जिससे अदालतों का बोझ कम हो सके। वहीं सम्मेलन में अदालतों में स्थानीय भाषा की वकालत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा कि न्याय को व्यवस्था की जटिलताओं से मुक्त किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि वर्ष 2015 में सरकार ने 1800 उन कानूनों की पहचान की, जो अप्रासंगिक हो चुके थे। इसमें से 1450 कानूनों को केंद्र सरकार ने समाप्त कर दिया है। जबकि राज्यों में केवल 75 अप्रासंगिक कानून ही समाप्त किये हैं। उन्होंने मुख्यमंत्रियों से ऐसे कानून निरस्त करने का आग्रह किया। साथ ही प्रधानमंत्री ने उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों व राज्यों के मुख्यमंत्रियों से अपील की कि वे जेलों में बंद विचाराधीन कैदियों से जुड़े मामलों को वरीयता दें। मानवीय संवेदनाओं के चलते उन्हें यथाशीघ्र कानून के तहत रिहा किया जाये। सरकार न्यायिक व्यवस्था में सुधार के यथासंभव प्रयास कर रही है। साथ ही इस बात पर भी बल दिया कि न्यायिक सुधार केवल एक नीतिगत मामला नहीं है, इसके केंद्र में मानवीय संवेदना ही होनी चाहिए। निस्संदेह, इस सम्मेलन में विमर्श का आधार आम लोगों का न्यायिक व्यवस्था में भरोसा बढ़ाना ही रहा, जिसके मूल में यह सोच रही कि आम आदमी को आसानी से न्याय मिले। उसे व्यवस्थागत विसंगतियों से न जूझना पड़े, जिसमें आम आदमी की भावनाएं भी अभिव्यक्त हुई। बदलते वक्त की जरूरतों के अनुरूप न्याय व्यवस्था में बदलाव भी जरूरी बताया गया। साथ ही न्यायपालिक, कार्यपालिका तथा विधायिका के बीच संतुलन पर भी बल दिया गया।

# भारतीय गेहूं का जलवा

ऐसा इतिहास में पहली बार हुआ है जब आपस में लड़ते दो देशों की वजह से भारत किसी दिक्कत में नहीं पड़ा है। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण तेल संकट की स्थिति बनी थी लेकिन उसे भारत के 'मित्र' रूस से हुए तेल निर्यात से दूर कर लिया गया। पश्चिमी देशों और अमेरिका ने रूस का साथ न देने का दबाव बनाया तो उसे भारत ने सिरे से नकार दिया। इस समय भारत के गेहूं किसानों, व्यापारियों और सरकार सभी की पौ बारह है। विश्व बाजार में गेहूं की कीमतें चढ़ी हुई हैं और भारत का गेहूं निर्यात रिकार्ड स्तर पर जा पहुंचा है। रूस और यूक्रेन दो बड़े गेहूं उत्पादक देश हैं, लेकिन इनके बीच युद्ध से गेहूं की आपूर्ति ठप हो जाने से कई देशों में खाद्य संकट की नौबत आ गई है। रूस पर लगे आर्थिक प्रतिबंधों ने भी गेहूं की कमी की स्थिति को गंभीर कर दिया है। इस कारण दुनिया में भारत के गेहूं की मांग बढ़ गई है। खुशी की बात यह कि इस बार भारत में गेहूं की फसल भी बंपर हुई है। जो किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य पाने के लिए आंदोलन कर रहे थे उन्हें आज एमएसपी से भी अच्छे दाम मिल रहे हैं और उनके पास बेचने के लिए भरपूर फसल भी है। इस वक्त व्यापारी किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य से ज्यादा पैसा देने को भी तैयार हैं। पिछले कुछ हफ्तों में अंतरराष्ट्रीय बाजार में गेहूं की कीमत 50 प्रतिशत तक बढ़ी हैं। इस समय अंतरराष्ट्रीय बाजार में गेहूं की भारी कमी है, उस पर भारतीय रुपया भी कमजोर हुआ है। भारत में परिवहन सुविधाएं बेहतर हुई हैं। इन सब बातों का फायदा किसानों को मिल रहा है। भारत के गेहूं निर्यात में वृद्धि के कारण इस साल भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को कम गेहूं खरीदना पड़ेगा। एफसीआई न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद करता है, और इस साल यह 20,150 रुपये प्रति टन है। इस साल एफसीआई की खरीद में भारी कमी आएगी यानी भारत सरकार को भी काफी बचत होगी। पिछले साल एफसीआई ने 43.34 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा था और इस पर 856 अरब रु पये खर्च आया था। इस साल एफसीआई की खरीद 30 फीसदी तक घट सकती है। आंकड़ों को देखें तो मार्च में भारत ने 78.5 लाख टन गेहूं का निर्यात किया है, जो पिछले साल से 275 प्रतिशत ज्यादा है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि 2022-23 में भारत का निर्यात 1.20 करोड़ टन तक जा सकता है।

## ब्लॉगर

# धर्मनिरपेक्षता के मायने समझे समाज

किसी भी देश के शक्तिशाली होने के निहितार्थ होते हैं। इन निहितार्थों का मन, वाणी और कर्म से अध्ययन किया जाए तो जो प्राकट्य होता है, वह यही प्रदर्शित करता है कि सबके भाव राष्ट्रीय हों, सबके अंदर एक दूसरे के प्रति सामंजस्य भाव की प्रधानता हो, लेकिन वर्तमान में समाज के बीच सामंजस्य के प्रयास कम और समाज के बीच भेद बनाने के प्रयास ज्यादा हो रहे हैं। जिसके चलते हमारी राष्ट्रीय अवधारणाएं तार-तार होती जा रही हैं। कौन नहीं जानता कि भारतीय समाज की इसी फूट के कारण भारत ने गुलामी के दंश को भोगा था। अंग्रेजों की नीति का अनुसरण करने वाले राजनीतिक दल निश्चित ही भारत के समाज में एकात्म भाव को स्थापित करने प्रयासों को रोकने का उपक्रम ही कर रहे हैं। जो संभवतः भारत की बढ़ती शक्ति से परेशान हैं। समाज को ऐसे षड्यंत्रों को समझने का प्रयास करना चाहिए।

लम्बे समय से भारत में इस धारणा को समाज में संप्रेषित करने का योजनाबद्ध प्रयास किया गया कि मुस्लिम तुष्टिकरण ही धर्मनिरपेक्षता है। इसी के कारण गंगा जमुना तहजीब की अपेक्षा केवल हिन्दू समाज से ही की जाती रही है। भारत का हिन्दू समाज पुरातन समय से इस संस्कृति को आत्मसात किए हुए है। तभी तो इस देश में सभी संप्रदाय के व्यक्तियों को पर्याप्त सम्मान दिया गया। यह सभी जानते हैं कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी अपने आपको धर्मनिरपेक्ष राजनीतिक दल मानती है और इन्हीं दलों ने मुस्लिम वर्ग का तुष्टिकरण करने की राजनीति की। इसके कारण देश में जिस प्रकार से वर्ग भेद खाई पैदा हुई, उससे आज का वातावरण पूरी तरह से प्रदूषित हो रहा है। अभी हाल ही में जिस प्रकार से रामनवमी और हनुमान जन्मोत्सव की शोभायात्राओं पर पत्थबाजी की गई, वह देश के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप की परिभाषा के दायरे में बिलकुल भी नहीं आता। धर्मनिरपेक्षता की सही परिभाषा यही है कि देश में धर्मों को समान दृष्टि से देखा जाए, लेकिन क्या देश में समाज के द्वारा सभी धर्मों को समान रूप से देखने की मानसिकता विकसित हुई है। अगर नहीं तो फिर धर्मनिरपेक्षता का कोई मतलब ही नहीं है। वस्तुत- धर्मनिरपेक्षता शब्द समाज में समन्वय स्थापित करने में नाकाम साबित हो रहा है, इसके बजाय वर्ग भेद बढ़ाने में ही बहुत ज्यादा सहायक हो रहा है। हालांकि यह शब्द भारत के मूल संविधान का हिस्सा नहीं था। इसे इंदिरा गांधी के शासन काल में आपातकाल के दौरान जोड़ा गया था। इस शब्द के आने के बाद ही देश में तुष्टिकरण की राजनीतिक भावना ज्यादा जोर मारने लगी।

यहां हम हिन्दू और मुस्लिम वर्ग को अलग-अलग देखने को प्रमुखता नहीं दे रहे हैं। और न ही ऐसा दृश्य दिखाने का प्रयास ही करना चाहिए। बात देश के समाज की है, जिसमें हिन्दू भी आता है और मुस्लिम भी। जब हम समाज के तौर पर चिंतन करेंगे तो स्वाभाविक रूप से हमें वह सब दिखाई देगा, जो एक निरपेक्ष व्यक्ति से कल्पना की जा सकती है। लेकिन इसके बजाय हम पूर्वाग्रह रखते हुए किसी बात का चिंतन करेंगे तो हम असली बातों से बहुत दूर हो जाएंगे। आज देश में यही हो रहा है। आज का मीडिया अखलाक और तबरेज की घटना को भगवा आतंक के रूप में दिखाने का साहस करता दिखता है, लेकिन इन घटनाओं के पीछे का सच जानने का प्रयास नहीं किया जाता। संक्षिप्त रूप में कहा जाए तो इन दोनों की अनुचित क्रिया की ही समाज ने प्रतिक्रिया की थी, जो समाज की जाग्रत अवस्था कही जा सकती है, लेकिन यही मीडिया उस समय अपनी आंखों पर पट्टी बांध लेता है, जब किसी गांव से हिन्दुओं के पलायन की खबरें आती हैं। जब महाराष्ट्र के पालघर में दो संतों की पीट पीट कर हत्या कर दी जाती है। इसी प्रकार महाराष्ट्र में हनुमान चालीसा पढ़ने की कवायद पर सांसद नवनीत राणा और उनके पति रवि राणा पर राष्ट्रद्रोह का प्रकरण दर्ज हुआ है। हो सकता है कि राणा दंपत्ति का तरीका गलत हो, लेकिन कम से कम भारत में हनुमान चालीसा पढ़ने को गलत तो नहीं ठहराया जा सकता। जब हम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बात करते हैं तो हिन्दू समाज के व्यक्तियों की ओर से की गई जायज कार्यवाही को इस दायरे से बाहर क्यों रखा जाता है। क्या भारत में केवल उन्हीं स्वरों को अभिव्यक्ति की आजादी के दायरे में लाया जाना चाहिए, जो देश तोड़ने की बात करते हैं। विसंगति तो यह है कि ऐसे स्वरों को राजनीतिक समर्थन भी मिल जाता है। महाराष्ट्र की घटना राष्ट्रद्रोह की श्रेणी में इसलिए भी नहीं आ सकती, क्योंकि उनकी घोषणा सरकार के मुख्यालय पर हनुमान चालीसा पढ़ने की नहीं थी, वह तो एक समय हिन्दुत्व के केन्द्र रहे मातोश्री के बाहर ऐसा करने का प्रयास कर रहे थे। ऐसे में सवाल यह भी उठता है कि क्या वास्तव में शिवसेना अपने मूल उद्देश्य से भटक रही है, क्या उसे हिन्दुत्व नापसंद आने लगा है? वे बाबरी ढांचे को गिराने के बारे में सीना ठोककर यह दावा करते हैं कि यह हमने किया। लेकिन राम भक्त हनुमान की प्रशंसा में की जाने वाली कार्यवाही पर विराम लगाने का कार्य करते हैं।

# भारतीय भाषाओं के न्यायिक सम्मान का यही सही वक्त

सियाराम पांडेय 'शांत'

**प्रधान न्यायाधीश रमण की यह बात ढांढस बंधाती है कि संवैधानिक अदालतों के समक्ष वकालत किसी व्यक्ति के कानून की जानकारी और समझ पर आधारित होनी चाहिए न कि भाषाई निपुणता पर। न्याय व्यवस्था और हमारे लोकतंत्र के अन्य सभी संस्थानों में देश की सामाजिक और भौगोलिक विविधता परिलक्षित होनी चाहिए। लगता है कि अब समय आ गया है कि इस मांग पर फिर से विचार किया जाए और इसे तार्किक निष्कर्ष पर पहुंचाया जाए। प्रधानमंत्री भी सहमत हैं और मुख्य न्यायाधीश भी तो फिर देर किस बात की? सरकार पहल करे और न्यायपालिका अमल।**

दिल्ली के विज्ञान भवन में छह साल बाद मुख्यमंत्रियों और उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों का सम्मेलन हुआ। इसमें अदालतों में न्यायाधीशों की कमी का मुद्दा तो उठा ही, भारतीय भाषाओं में कामकाज पर भी जोर दिया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि बड़ी अदालतों में अगर स्थानीय भाषाओं में कार्य हो तो न्याय प्रणाली में आमजन का विश्वास बढ़ेगा। वे इससे अधिक जुड़ाव महसूस करेंगे। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमण ने भी कहा है कि अब न्यायालयों में स्थानीय भाषाओं में काम करने का वक्त आ गया है लेकिन अदालतों में स्थानीय भाषाओं के प्रयोग के लिए एक कानूनी व्यवस्था की जरूरत है। यह काम तो आजादी के कुछ समय बाद या यों कहें कि संविधान लागू किए जाने के दिन ही हो जाना चाहिए था, अगर उसे करने की जरूरत आजादी के 75 वें साल में महसूस की जा रही है तो इसे न्यायिक विडंबना नहीं तो और क्या कहा जाएगा? खैर जब जागे तभी सवेरा लेकिन कानूनी व्यवस्था बनाने और लक्ष्मण रेखा के बहाने इसे और अधिक खींचा नहीं जाना चाहिए। शुभस्य शीघ्रं।

वैसे भी यह देश 1774 से ही सुप्रीम कोर्ट में अंग्रेजी का प्रभाव देख और झेल रहा है। यह गुलाम भारत की विवशता हो सकती थी लेकिन आजाद भारत में तो निज भाषा उन्नति अहै वाली रीति-नीति अपनाई जा सकती थी। हमें भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश टीएस ठाकुर के नेतृत्व वाली तीन सदस्यीय खंडपीठ के उस निर्णय को भी याद करना चाहिए जिसमें कहा गया था कि सुप्रीम कोर्ट की भाषा अंग्रेजी ही है और इसकी जगह हिन्दी को लाने के लिए वह केंद्र सरकार या संसद को कानून बनाने के लिए नहीं कह सकते क्योंकि ऐसा करना विधायिका और कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में दखल देना होगा। इसके बाद भी तत्कालीन सरकार की सेहत पर असर नहीं पड़ा था। जिस अंग्रेजी को वादकारी जानता ही नहीं, उसमें वकील क्या बहस कर हा है और जज क्या फैसला दे रहे हैं, यह वादी-प्रतिवादी को पता ही नहीं चलता। संविधान की धारा 384 में संशोधन और बड़ी अदालतों में भारतीय भाषाओं में कामकाज शुरू करने के लिए एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीन दयाल उपाध्याय के न्यायविद प्रपौत्र पं. चंद्रशेखर उपाध्याय हिंदी न्याय आंदोलन चला रहे हैं। उन्होंने इस दिशा में व्यापक प्रयास भी किए हैं। हिंदी से एलएलएम करने वाले वे भारतीय छात्र हैं और हिंदी से एलएलएम करने में उन्हें अपने कई साल गंवाने पड़े। अदालत के चक्कर काटने पड़े। अगर सरकार ने उनके प्रयासों पर भी गौर किया होता तो आज बड़ी अदालतों में लोगों को अपनी बोली-बानी में न्याय मिल रहा होता।

वाराणसी के जिला एवं सत्र न्यायालय में पंडित श्याम जी उपाध्याय वर्षों से संस्कृत में वाद दायर करते और बहस करते आ रहे हैं। मूल भावना भाषा नहीं, न्याय है। इसमें संदेह नहीं कि हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं के पक्षधर लंबे समय से यह मांग उठाते आ रहे हैं कि अदालतों के कामकाज की भाषा ऐसी हो जिसे आम आदमी भी समझ सके और वह हर बात के लिए वकीलों पर निर्भर न रहे। भारत एक आजाद और लोकतांत्रिक देश है और यहां अदालती कामकाज की भाषा आज भी अंग्रेजी है। इससे अधिक दुर्भाग्यपूर्ण



स्थिति भला और क्या हो सकती है?

वह अंग्रेजी जिसे हटाने की मांग अगर समाजवादी नेता डॉ. राम मनोहर लोहिया करते रहे तो संघ और भाजपा के नेता भी। हिंदी, हिन्दू और हिंदुस्तान के नारे के साथ सत्ता में आई भाजपा के बड़े नेता, मौजूदा रक्षा मंत्री और तत्कालीन गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने हिंदी को संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषा बनाने की मांग की थी लेकिन केंद्र सरकार बड़ी अदालतों में हिन्दी को न्याय की भाषा आज तक नहीं बना पाई है। हमें 1967 के अंग्रेजी हटाओ आंदोलन को भी नहीं भूलना चाहिए। मौजूदा समय यह सोचने का है तो आखिर वे कौन लोग हैं जो बड़ी अदालतों में अंग्रेजी का वर्चस्व बनाए रखना चाहते हैं और सरल, सहज व सस्ते न्याय की भारतीय अवधारणा को पलीता लगा रहे हैं।

गौरतलब है कि संविधान की धारा 348 में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट के कामकाज की भाषा अंग्रेजी होगी लेकिन यदि संसद चाहे तो इस स्थिति को बदलने के लिए कानून बना सकती है। इसी तरह हाईकोर्ट के कामकाज की भाषा भी अंग्रेजी है लेकिन राष्ट्रपति की पूर्वानुमति लेकर राज्यपाल अपने राज्य में स्थित हाईकोर्ट को हिन्दी या उस राज्य की सरकारी भाषा में कामकाज करने के लिए कह सकते हैं, लेकिन ऐसे हाईकोर्ट भी अपने आदेश, निर्देश और फैसले अंग्रेजी में ही देंगे। ऐसा तो है नहीं कि संसद में संविधान संशोधन नहीं हुए। इतने संशोधन हुए कि मूल संविधान तलाश पाना किसी के लिए भी कठिन हो सकता है। ऐसे में एक संशोधन यह भी हो जाता। इसकी संभावना तलाशने के लिए अलग से समूह गठित करने या अधिकरण बनाने की जरूरत ही नहीं थी लेकिन इस पूरे प्रकरण को जिस तरह जलेबी पेंच बनाया गया, वह समझ से परे है। अब भी समय है कि सरकार एक संविधान संशोधन कर दे कि आज से बड़ी-छोटी सभी अदालतों में कामकाज भारतीय भाषाओं में होंगे। समस्या चाहे जितनी बड़ी क्यों न हो लेकिन उसका समाधान बहुत छोटा होता है, इस देश के हुक्मरानों को इस बाबत सोचना होगा । अगर हम सात साल पीछे जाएं तो सोचने पर विवश होना पड़ेगा कि क्या सरकार इस मुद्दे पर वाकई गंभीर है। जनवरी 2015 में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल कर संविधान में संशोधन कर हिन्दी को सुप्रीम कोर्ट एवं सभी 24 हाईकोर्ट के कामकाज की भाषा बनाए जाने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। यह शपथपत्र उसी जनहित याचिका के जवाब में दाखिल किया गया था जिसे टीएस ठाकुर के नेतृत्व वाली सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ ने खारिज किया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय का हलफनामा 2008 में विधि आयोग द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट पर आधारित था जिसमें आयोग ने विचार व्यक्त किया था कि सुप्रीम कोर्ट और उच्च न्यायालयों में हिन्दी का प्रयोग अनिवार्य करने का प्रस्ताव व्यावहारिक नहीं है और लोगों के किसी भी हिस्से पर कोई भी भाषा जबर्दस्ती नहीं लादी जा सकती। इसके पीछे तर्क यह दिया गया था कि हाईकोर्ट के न्यायाधीशों का अक्सर एक राज्य से दूसरे राज्य में तबादला होता रहता है, इसलिए उनके लिए यह संभव नहीं है कि वे अपने न्यायिक कर्तव्यों को अलग-अलग भाषाओं में पूरा कर सके। यह तर्क कुछ हद तक सहज हो सकता है लेकिन मौजूदा समय में अनुवाद की सुविधा है। टेली प्रॉम्प्टर की सुविधा है। उसका इस्तेमाल तो किया ही जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस तरह न्यायाधीशों और मुख्यमंत्रियों के समक्ष अंग्रेजी के साथ ही भारतीय भाषाओं में भी न्याय देने की बात कही है,वह सुखद भी है और भारतीय हितों के अनुरूप भी लेकिन अब न चूक चौहान वाले सिद्धांतों पर अमल करते हुए उसे गंभीरता से लिया जाए।बतौर प्रधानमंत्री दुनिया के तमाम देश इस व्यवस्था पर काम कर रहे हैं तो भारत में भी इस तरह के न्यायिक सुधार होने ही चाहिए।

भारतीय धर्मग्रंथों में भी न्याय को सुशासन का आधार कहा गया है। इस वजह से न्याय की भाषा ऐसी होनी चाहिए जो सबकी समझ में आ सके। का संबंध आम लोगों से होना चाहिए और इसे उनकी भाषा में होना चाहिए। न्याय और शासकीय आदेश अगर न्याय की भाषा की वजह से एक जैसे लगें तो इस दोष का निवारण तो होना ही चाहिए। जिस देश में 3.5 लाख से अधिक विचाराधीन कैदी जेलों में बंद हों, वहां भाषागत, व्यवस्थागत चिंता लाजिमी हो जाती है। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्रियों से न्याय प्रदान करने को आसान बनाने के लिए पुराने कानूनों को निरस्त करने की भी अपील की है। यह भी कहा है कि उनकी सरकार ने वर्ष 2015 में, लगभग 1800 कानूनों की पहचान की, जो अप्रासंगिक हो चुके थे। इनमें से 1450 कानूनों को समाप्त कर दिया गया। लेकिन, राज्यों ने केवल 75 ऐसे कानूनों को समाप्त किया है। प्रधानमंत्री ने एक ऐसी न्यायिक प्रणाली के निर्माण पर जोर देने की बात कही है जहां न्याय आसानी से , जल्दी से और सभी के लिए उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा है कि न्यायपालिका की भूमिका संविधान के संरक्षक की है, वहीं विधायिका नागरिकों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती है। मेरा मानना है कि इन दोनों का संगम एक प्रभावी व समयबद्ध न्यायिक प्रणाली के लिए रोडमैप तैयार करेगा।

प्रधान न्यायाधीश ने उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के स्वीकृत 1104 पदों में से 388 के रिक्त होने का हवाला दिया। यह भी बताने और जताने के प्रयास किया कि न्यायाधीशों के पद भरने के लिए उन्होंने 180 सिफारिशें की हैं। इनमें से 126 नियुक्तियां की गई हैं। हालांकि, 50 प्रस्तावों को अभी भी भारत सरकार के अनुमोदन की प्रतीक्षा है। उच्च न्यायालयों ने भारत सरकार को लगभग 100 नाम भेजे हैं। वे अभी तक हम तक नहीं पहुंचे हैं। स्वीकृत संख्या के अनुसार, हमारे पास प्रति 10 लाख जनसंख्या पर लगभग 20 न्यायाधीश हैं, जो बेहद से कम हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि बुनियाद मजबूत न हो तो ढांचा मजबूत नहीं हो सकता। प्रधान न्यायाधीश रमण की यह बात ढांढस बंधाती है कि संवैधानिक अदालतों के समक्ष वकालत किसी व्यक्ति के कानून की जानकारी और समझ पर आधारित होनी चाहिए न कि भाषाई निपुणता पर। न्याय व्यवस्था और हमारे लोकतंत्र के अन्य सभी संस्थानों में देश की सामाजिक और भौगोलिक विविधता परिलक्षित होनी चाहिए। लगता है कि अब समय आ गया है कि इस मांग पर फिर से विचार किया जाए और इसे तार्किक निष्कर्ष पर पहुंचाया जाए। प्रधानमंत्री भी सहमत हैं और मुख्य न्यायाधीश भी तो फिर देर किस बात की? सरकार पहल करे और न्यायपालिका अमल। कोई भी देश अपनी भाषा में ही बेहतर कार्य निष्पादन कर सकता है। इसलिए यही उचित समय है।इसका सम्यक उपयोग किया जाए।

## विचार मंथन

# शिवसेना की काट राज

सिद्धार्थ शंकर

राज ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) की औरंगाबाद रैली को लेकर राजनीतिक गलियारों में एक अहम सवाल यह है कि क्या भाजपा आगामी बीएमसी चुनावों के लिए मनसे के साथ गठजोड़ करेगी। दोनों पार्टियां अपनी बढ़ती नजदीकियों के संकेत दे रही हैं, वहीं इस बात को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है कि वे गठबंधन करेंगे या नहीं और करेंगे तो कब। फिलहाल अभी तो राज ठाकरे औरंगाबाद रैली को लेकर चर्चा में हैं। मराठवाड़ा सांस्कृतिक मंडल मैदान पर आयोजित रैली में करीब तीन दशक पहले हुए दिवंगत बालासाहेब ठाकरे की रैली की झलक दिखी है। साल 1988 में बाल ठाकरे ने भी औरंगाबाद में कार्यक्रम किया था। उन्होंने भी हिंदुत्व कार्ड को खेलने के लिए इस मंच का इस्तेमाल किया था। उन्होंने जनता से खान (मुस्लिम) और बाण (शिवसेना का चिन्ह) चुनने का ऐलान किया था। 1980 के समय तक बाल ठाकरे के नेतृत्व में शिवसेना ने खुद को मुंबई, ठाणे में मजबूत बना दिया था। वहीं, मराठवाड़ा क्षेत्र में पैर जमाने में औरंगाबाद रैली ने काफी मदद की थी। औरंगाबाद रैली ने शिवसेना को मुंबई के बाहर हिंदुत्व की राजनीति फैलाने में मदद की। अब 34 साल बाद मनसे ने भी इसी शहर और मैदान का चुनाव किया। राज ठाकरे औरंगाबाद में मस्जिदों में लाउडस्पीकर के इस्तेमाल के विरोध में एक रैली करने करने के बाद अब 3 मई से पहले राज्य भर की मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाने के लिए शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार को एक अल्टीमेटम भी दिया है। ऐसा नहीं होने पर मनसे कार्यकर्ताओं को सड़कों पर उतरने और मस्जिदों के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करने के लिए कहा है। हाल के महीनों में राज्य के भाजपा नेताओं को कई मौकों पर राज ठाकरे के साथ देखा गया है। पिछले नवंबर में विपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस अपनी पत्नी अमृता के साथ



मुंबई के दादर में अपने नए घर में राज ठाकरे द्वारा आयोजित लंच में शामिल हुए थे। भाजपा ने स्पष्ट रूप से गठबंधन के सवाल पर वेट एंड वॉच का रुख अपनाया है। यहां तक कि पार्टी मनसे को मजबूत करने के लिए कदम उठा रही है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वह राज्य में शिवसेना के वोट बैंक में सेंध लगा सके। भगवा पार्टी द्वारा अपनाई गई दोतरफा रणनीति मनसे प्रमुख को हिंदुत्व नेता के रूप में प्रचारित करना है। इसे एक कथा के माध्यम से सुगम बनाना है कि उद्धव के नेतृत्व वाली शिवसेना ने कांग्रेस के साथ हाथ मिलाकर सत्ता के लिए अपनी हिंदुत्व विचारधारा से समझौता किया है। इस प्रकार राज ठाकरे को नए हिंदुत्व नेता के रूप में तैयार किया जा रहा है, जो ऐसे शिवसैनिकों को एक वैकल्पिक मंच प्रदान कर सकता है जो सेना की विचारधारा के कथित कमजोर पड़ने से असंतुष्ट हो सकते हैं। पिछले कुछ वर्षों में इसकी सावधानीपूर्वक योजना बनाई गई है। इस मेकओवर के हिस्से के रूप में संगठन ने पहले अपना झंडा बदल दिया। इसे पूरी तरह से भगवा रंग में बदल दिया ताकि हिंदुत्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया जा सके। मनसे भी उत्तर भारतीय विरोधी होने की अपनी पुरानी छवि को तोड़ने की कोशिश कर रही है। इस संबंध में एक महत्वपूर्ण कदम अगले महीने अयोध्या में राम मंदिर की उनकी योजनाबद्ध यात्रा है, जिसके बाद आदित्यनाथ के साथ राज ठाकरे की बैठक होगी। कुल मिलाकर लगातार गिरते प्रदर्शन से मनसे का भविष्य खतरे में दिख रहा है। अब देखना यह होगा कि राज ठाकरे मनसे को बचाने को और अपना राजनीतिक भविष्य तय करने के लिए कौन सी रणनीति और रास्ता अख्तियार करते हैं।

## खेल

# कायाकल्प कर देने वाला फैसला

मनोज चतुर्वेदी

भारतीय खेलों में राजनेताओं, नौकरशाहों और उद्योगपतियों के वर्चस्व की कहानी पुरानी है।

इसके खिलाफ समय-समय पर आवाज उठती रही है। लेकिन कोई खास फर्क देखने को नहीं मिला है। पिछले दिनों मद्रास हाई कोर्ट के एक फैसले से इस तरफ सुधार होने की गुंजाइश बनती दिखती है। कुछ साल पहले डिस्कस थ्रोअर नित्या ने राष्ट्रीय स्तर के एक टूर्नामेंट में चयन नहीं होने पर मद्रास हाईकोर्ट के एक याचिका दायर की थी। कोर्ट ने बीती जनवरी में दिए फैसले में कहा कि राज्य के क्लबों, एसोसिएशनों और फेडरेशनों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर राजनेताओं और व्यवसाय से जुड़े लोगों की बजाय खिलाड़ियों को रखा जाए। इसके अलावा उन्होंने कुछ और सुधारों के भी निर्देश दिए।

जस्टिस आर महादेवन की एकल बेंच के फैसले के खिलाफ तमिलनाडु ओलंपिक एसोसिएशन ने चुनौती दी थी। इस पर ही मद्रास हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मुनीर नाथ भंडारी और जस्टिस भरत चक्रवर्ती की डिवीजन बेंच ने सुनवाई के बाद फैसले पर रोक लगाने से इंकार कर दिया। वैसे तो तमिलनाडु ओलंपिक ऐसोसिशसन और राज्य खेल संघों के पास इस फैसले को लटकाने के लिए और भी कानूनी उपाय होंगे। पर इतना जरूर है कि इस फैसले से तमिलनाडु के खेलों की तस्वीर बदली जा सकती है। फैसले पर हॉकी ओलंपियन रहे और तमिलनाडु हॉकी एसोसिएशन के प्रमुख भास्करन ने कहा था कि राज्य में विभिन्न खेल संगठनों पर लंबे समय से राजनेता और नौकरशाह ही काबिज हैं। खिलाड़ियों को प्रशासन में शामिल करने के लिए समाचारपत्रों में विज्ञापन देकर आमंत्रित करना चाहिए। इसमें कोई दो राय नहीं कि तमिलनाडु सरकार अदालत के फैसले को लागू करा देती है, तो राज्य के खेलों की सूरत बदल सकती है। देखने वाली बात यह होगी कि इस आदेश पर कितना अमल हो पाता है।



देश की सर्वोच्च अदालत की देखरेख में कुछ सालेंपहले लोढ़ा समति बनाकर बीसीसीआई में सुधार कार्यक्रम चलाया गया था। परिणामत- आज बीसीसीआई के पास देश के सफल कप्तानों में शुमार रहे सौरव गांगुली के रूप में अध्यक्ष हैं। एक समय था, जब बीसीसीआई और उसकी एसोसिएशनों पर गिने-चुने लोगों का कब्जा थे। वे अपने हिसाब से कभी बीसीसीआई में और कभी राज्य क्रिकेट एसोसिएशन में बने रहते थे। लेकिन लोढ़ा समिति द्वारा 70 साल से ज्यादा उम्र के लोगों के पदाधिकारी बनने पर रोक लगाने के साथ ही दो कार्यकाल के बाद पद से हटने का नियम बनाने से पुराने चेहरे एकदम से गायब हो गए। पहले कहा जा रहा था कि जिस तरह लोढ़ा समिति के माध्यम से बीसीसीआई की सफाई की गई है, उसी तरह देश की अन्य फेडरेशनों और एसोसिएशनों की भी सफाई की जाएगी। पर ऐसा कुछ देखने को नहीं मिला। मौजूदा समय में ज्यादातर राष्ट्रीय या राज्य खेल संघों में राजनेताओं या नौकरशाहों का कब्जा है। यह जरूर है कि कुछ खेल संघों में चयन समिति में खिलाड़ियों को रखा गया है पर इन चयन समितियों पर भी पदाधिकारियों का दवाब बना रहता है। इस कारण ही मणिका बत्रा जैसी टेबल टेनिस खिलाड़ियों को अदालत की शरण में जाना पड़ता है। मद्रास हाई कोर्ट के फैसले की तर्ज पर यदि देश भर में खेल संघों में प्रमुख पदों पर खिलाड़ियों को बैठा दिया जाए तो भारतीय खेल की शक्ल ही बदल सकती है पर यह काम कोई आसान नहीं है। असल में राजनेता और नौकरशाहों के साथ ही उद्योगपति किसी भी ऐसी नीति को लागू नहीं होने देते हैं।

इन कारणों से ही विभिन्न खेल संगठनों पर कई राजनेता दशकों तक काबिज रहे। असल में खेल संगठनों पर काबिज लोग जो भी सरकार आती है, उसके मंत्रियों को अपने साथ लाकर अपनी कुर्सी बचाते रहे हैं। इस वजह से एक सरकार जाने पर खेल संघ में चेहरे तो बदल जाते हैं पर चेहरा किसी राजनेता का ही रहता है पर पिछले कुछ समय से सरकार द्वारा ऐसे खेल संगठनों की मान्यता खत्म करने से इस तरफ थोड़ा सुधार हुआ है। लेकिन कई बार देखा गया है कि ऐसे लोग अपने डमी को पद पर बैठाकर पहले की तरह ही काम करते रहते हैं। इस मामले में बड़े सुधार की जरूरत है। यह सुधार अदालत और सरकार के ही दवाब से संभव है। सही है कि भारतीय खेल प्रशासन में खिलाड़ियों की भागीदारी बढ़ी है, लेकिन वे आज भी राजनेताओं या नौकरशाहों के मातहत रहकर ही काम कर रहे हैं। भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन से लेकर राष्ट्र और राज्य खेल संघों में मद्रास हाई कोर्ट के फैसले की तरह प्रमुख पदों पर खिलाड़ियों की नियुक्ति हो जाए तो भारत का खेल परिदृश्य ही बदल जाना है पर मौजूदा माहौल में ऐसा होने की दूर-दूर तक संभावनाएं नजर नहीं आती हैं पर इतना जरूर है कि एक अदालत के फैसला आने से देर सबेर इस बारे में सुधार आने की उम्मीद तो की ही जा सकती है।

# कैटरीना कैफ की भयानक कॉमेडी फिल्म फोनभूत का मोशन पोस्टर रिलीज



कैटरीना कैफ (Katrina Kaif), इशान खट्टर ( Ishaan Khatter) और सद्धिांथ चतुर्वेदी (Siddhant Chaturvedi) की हॉरर कॉमेडी फिल्म 'फोनबूथ' (Phone Bhoot) की रिलीज डेट हाल ही में आगे बढ़ाई गई थी. ऐसे में अब एक्सेल एंटरटेनमेंट ने फोनभूत के फर्स्ट लुक के बाद अब फिल्म का नया मोशन पोस्टर रिलीज कर दिया है. इस मोशन पोस्टर में कैटरीना कैफ, ईशान खट्टर और सिद्धांत चतुर्वेदी नजर आ रहें है जो फिल्म के इनसाइट वर्ल्ड की एक झलक दे हैं. नए मोशल पोस्टर में फिल्म की नई रलीज डेट भी सामने आई है. ये फिल्म 7 अक्टूबर को रिलीज होगी.

कैटरीना, ईशान और सिद्धांत का फ्रेंडली ट्रायो फोनभूत के साथ अपने फैंस को एंटरटेन करने के लिए पूरी तरह तैयार है. सामने आया ये लेटेस्ट मोशन पोस्टर न केवल अजीब है, बल्कि हर तरह से अनोखा भी है, जो हमें फिल्म की कहानी के बारे में बताता है. मोशन पोस्टर में ईशान, सिद्धांत और कैटरीना काफी डरावने माहौल में भी हंसते हुए नजर आ रहे हैं. हमेशा की तरह कैटरीना कैफ इसमें एकदम फ्रेश लग रही हैं, वहीं सिद्धांत और ईशान भी लुक भी बेहद अट्रैक्टिव हैं.



बता दें, एक्सेल एंटरटेनमेंट जो फोनभूत का निर्माण कर रहा है, फोनभूत का नया मोशन पोस्टर लॉन्च करके जिंदगी ना मिलेगी दोबारा की 11वीं वर्षगांठ मना रहा है. इस अपकमिंग एडवेंचर कॉमेडी को गुरमीत सिंह ने निर्देशित किया है.

# रेखा की Xerox Copy लगती हैं उनकी भांजी, खूबसूरती देखकर उड़ जाएंगे आपके होश



बॉलीवुड की उन चुनिंदा एक्ट्रेसेस में से एक हैं जिन्होंने अपनी खूबसूरती और एक्टिंग के दम पर बॉलीवुड में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। आज इतनी उम्र में भी रेखा पहले जितनी ही हसीन दिखती हैं और किसी भी नई एक्ट्रेस को मात दे सकती हैं। रेखा ने अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। कभी फिल्मों तो कभी अपने लव अफेयर्स के कारण, रेखा किसी ना किसी वजह से हमेशा सुर्खियों में बनी रहती हैं।

रेखा का जन्म 10 अक्टूबर 1954 को चेन्नई में हुआ था। रेखा का असली नाम भानुरेखा गणेशन है। उनके जन्म के समय उनके माता-पिता की शादी नहीं हुई थी। रेखा तमिल फिल्मों के सुपरस्टार जैमिनी गणेशन और तेलुगु अभिनेत्री पुष्पावली की बेटी हैं। रेखा के जन्म के समय उनके माता-पिता की शादी नहीं हुई थी। रेखा के पिता ने ना तो रेखा को और ना ही उनकी माँ को कभी स्वीकार किया था। रेखा के पिता जैमिनी गणेशन ने एक शादी की थी और तीन महिलाओं के साथ उनके संबंध थे। रेखा की 7 बहनें और 1 भाई हैं। रेखा के अपनी बहनों के साथ अच्छे संबंध हैं।

रेखा की एक बहन का नाम कमला सेल्वाराज है, जो पेशे से डॉक्टर हैं। कमला की बेटी का नाम प्रिया सेल्वराज है। वो भी अपनी मां की तरह डॉक्टर ही हैं। चेन्नई में प्रिया का काफी नाम है। प्रिया अपनी मौसी रेखा की कॉपी दिखती हैं। वे सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव हैं। प्रिया इंस्टाग्राम पर भी अपनी काफी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। प्रिया ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी फैमिली फोटोग्राफ के अलावा अपनी भी कई सारी तस्वीरें शेयर की हैं। फैंस को प्रिया की फोटो देखते ही रेखा की याद आती है। प्रिया की एक तस्वीर पर एक यूजर्स ने लिखा ये तो बिल्कुल रेखा की कॉपी हैं।

## सांवरिया में रणबीर कपूर के तौलिया डांस को नोरा फतेही समझ बैठीं कुछ और, खेल-खेल में दिया विवादित बयान



नोरा फतेही (Nora Fatehi) ने 'हेड्स अप' नाम का एक मजेदार खेल खेला, जहां उन्हें डांस मूव्स के जरिये फेमस एक्टर्स को पहचानने का टास्क दिया गया था. उन्होंने मशहूर सेलेब्स के हुक स्टेप्स को दोहराने की कोशिश भी की. नोरा को उनके डांस के लिए सराहा जाता है. वे फिलहाल रियलिटी शो 'डांस दीवाने जूनियर्स' में जज हैं.

वे इससे पहले रियलिटी शो 'डांस दीवाने', 'इंडियाज बेस्ट डांसर' और 'हुनरबाज' में नजर आ चुकी हैं. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, नोरा ने हुक स्टेप्स के जरिये फेमस सितारों के नामों का अनुमान लगाने की कोशिश की, लेकिन वे रणबीर कपूर के 'तौलिया डांस' को कुछ और ही समझ बैठीं. वे रणबीर की पहली फिल्म 'सांवरिया' के गाने 'जब से तेरे नैना' में उनके फेमस 'तौलिया डांस' से उन्हें पहचान पाने में नाकाम रहीं.

उन्होंने हैरानी से पूछा, 'यह एक आदमी है ? उन्होंने तौलिया हटा दिया यह कौन सी ब्लू फिल्म है' गौरतलब बात यह है कि 'सांवरिया' के फिल्मांकन में नीले रंग का बहुत प्रयोग नजर आता है. एक्ट्रेस हंसती हुई कहती हैं, 'यह कौन सा खेल है जो आप मुझे खिला रहे हैं' नोरा को रणबीर कपूर को पहचानने में मुश्किल हुई.

**नोरा फतेही सही जवाब न बता पाने से निराश हुईं**

उन्होंने बाद में रणबीर को फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' के गाने 'बलम पिचकारी' के हुक स्टेप से पहचाना. नोरा ने रणबीर को लेकर एक सवाल भी किया. एक्ट्रेस ने पूछा, 'उन्होंने कौन सी ब्लू फिल्म की थी ?' नोरा सही जवाब न बता पाने की वजह से निराश दिखीं.

**नोरा ने कई सितारों के डांस मूव्स को दोहराया**

उन्होंने अपने डांस मूव्स के जरिए आमिर खान, गोविंदा, करिश्मा कपूर, सलमान खान जैसे सेलेब्स का सही अनुमान लगाया. उन्होंने करीना कपूर, प्रियंका चोपड़ा, कैटरीना कैफ, शाहरुख खान, ऋतिक रोशन जैसे सितारों के डांस मूव्स को दोहराने की भी कोशिश की.

## The Archies: सुहाना खान, खुशी कपूर और अगस्त्य नंदा Classroom में मस्ती करते आएंगे नजर, जल्द फिल्माया जाएगा गाना



शाहरुख खान ( Shah Rukh Khan ) की लाडली सुहाना खान (Suhana Khan) जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' (The Archies) से एक्टिंग डेब्यू कर रही हैं. हाल ही में खुशी कपूर और अगस्त्य नंदा समेत फिल्म की पूरी टीम ऊटी में शूटिंग कर लौटी हैं. वहीं जोया मॉरीशस में भी शूटिंग करने की प्लानिंग कर रही हैं. इस बीच खबर आ रही है कि मुंबई में फिल्म का एक गाना जुलाई महीने के आखिर में फिल्माया जाएगा.

ईटाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक 'द आर्चीज' के लीड एक्टर्स सुहाना खान, अगस्त्य नंदा और खुशी कपूर क्लासरूम थीम पर गाने की शूटिंग करेंगे. फिल्ममेकर जोया अख्तर ने अपने फेवरेट कोरियोग्राफर्स Bosco और Caesar को इसकी जिम्मेदारी सौंपी है. इस गाने की शूटिंग जुलाई में ही होगी. इससे पहले भी बॉस्को और सीजर ने जोया की कई फिल्मों के लिए कोरियोग्राफी की है. इस गाने को क्लासरूम में फिल्माया जाएगा और सभी यंग स्टार्स स्कूल यूनिफॉर्म में नजर आएंगे.

**गाने का रिहर्सल ऊटी में किया गया था**

'द आर्चीज' के इस गाने की शूटिंग मुंबई के गोरेगांव स्थित एक स्टूडियो में होगी. इस गाने की शूटिंग से पहले ऊटी में पूरी टीम ने रिहर्सल किया था. रिहर्सल के दौरान ही सुहाना खान का 22वां जन्मदिन भी मनाया गया था. इस मौके की कई तस्वीरें सुहाना ने सोशल मीडिया पर शेयर की थी.

**स्टारकिड्स का डेब्यू प्रोजेक्ट**

बता दें कि 'द आर्चीज' से शाहरुख खान और गौरी खान की बेटी सुहाना खान, अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा और बोनी कपूर-श्रीदेवी की छोटी बेटी खुशी कपूर डेब्यू कर रही हैं. इनके अलावा मिहिर आहूजा, डॉट, युवराज मेंडा और वेदांग रैना भी महत्वपूर्ण किरदार निभाते नजर आएंगे. फिल्म का ऐलान इस साल के शुरुआत में किया गया था. नेटफ्लिक्स पर इस फिल्म को साल 2023 में रिलीज किया जाएगा.

**फेमस कॉमिक्स को स्क्रीन पर दिखाएंगी जोया अख्तर**

ये फिल्म फेमस कॉमिक्स बुक 'आर्चीज' का बॉलीवुड एडेप्टेशन है, जिसे देखकर आप बीते दिनों की यादों में खो जाएंगे. नेटफ्लिक्स ने फिल्म के लिए आर्ची कॉमिक्स के साथ पार्टनरशिप की है. फिल्ममेकर जोया अख्तर और उनकी सहयोगी रीमा कागती अपने प्रोडक्शन हाउस टाइगर बेबी के तहत फिल्म का निर्माण कर रही हैं.

# मनुप्रिया विनीत यादव बन सकती है, जिला पंचायत अध्यक्ष

### 17 वार्डो में से 9 सीटे भाजपा तो 8 सीटे कांग्रेस के खाते मे

### 1995 से अब तक गरोठ भानपुरा से ज़िला पंचायत अध्यक्ष नहीं बना इस बार सम्भावना

### मनुप्रिया विनीत यादव,दुर्गा विजय पाटीदार, निर्मला नरेंद्र पाटीदार इनमे से एक ज़िला पंचायत अध्यक्ष बनने की संभावना

**मंदसौर बंशीदास बैरागी**



निर्मला नरेंद्र पाटीदार | मनुप्रिया विनीत यादव | दुर्गा विजय पाटीदार

भानपुरा जिला पंचायत में चुनाव हर बार उलटफेर के साथ रोचकता वाले रहे हैं। पंचायती राज व्यवस्था के बाद से अब तक का जिला पंचायत में चलन रहा है कि प्रदेश में जिसकी सत्ता रही है, उसी को जिला पंचायत की कमान भी मिली है। चाहे बहुमत किसी अन्य का भी क्यों न रहा हो। इस बार मंदसौर जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी हृ्कष्ट महिला के लियें रिजर्व हुई है। जिला पंचायत में गोटी से भी फैसला हो तो भी फैसला सत्ता के ही पक्ष में जाता है। एक बार कांग्रेस का बहुमत होने के बाद भी अध्यक्ष भाजपा का बना तो एक बार गोटी सिस्टम से फैसला हुआ। वहीं उपचुनाव में पहली बार भाजपा को जिला पंचायत की कमान मिली थी, जो अब तक बरकरार है। शुरुआत में जिला पंचायत की कमान दो बार कांग्रेस के हाथ में रही है। इस बार भी 17 वार्डो में से 9 सीटे भाजपा तो 8 सीटे कॉंग्रेस के खाते मे हे। अगर पूर्व पर नजर डाले तो जिला पंचायत की कमान सबसे पहले वर्ष 1995 में कांग्रेस के दुलेसिंह तोमर को मिली। जो पंचायती राज व्यवस्था लागू होने के बाद पहला चुनाव था। वर्ष 1999 के चुनाव में कांग्रेस के राजेंद्र सिंह गौतम अध्यक्ष बने थे। उनका कार्यकाल तीन साल रहा। गेहूं घोटाले में उन्हें शासन ने पद से हटा दिया था। इसके बाद उपचुनाव में भाजपा के मनोहरलाल जैन अध्यक्ष बने और इनका एक साल से अधिक समय का कार्यकाल रहा। यहां से जिला पंचायत की कमान पहली बार भाजपा के हाथ लगी। इसके बाद वर्ष 2005 में हुए चुनाव के बाद भाजपा के मदनलाल राठौर तो इसके बाद वर्ष 2009 में हुए चुनाव में भाजपा की कुशाल पति निहालचंद मालवीय जिला पंचायत अध्यक्ष बनी थी। इसके बाद वर्ष 2014-15 में हुए चुनाव में भी भाजपा की प्रियंका गोस्वामी ने जिला पंचायत अध्यक्ष बनकर इसकी कमान संभाली।

### अब भी महिला हि जिला पंचायत अध्यक्ष बनेगी

अगर बात करें तो सबसे प्रबल् दावेदारों मे स्वर्गीय विधायक राजेश यादव कि पुत्र वधु मनुप्रिया विनीत यादव हे। 1995 से अब तक गरोठ भानपुरा से ज़िला पंचायत अध्यक्ष कभी कोई नहीं बना इसलिए भी संघठन मनुप्रिया यादव को अधिकृत कर सकता हे। इसी के साथ मनुप्रिया यादव सबसे ज्यादा शिक्षित उम्मीदवारो मे से एक हे। इस वजह से भी ज़िला पंचायत अध्यक्ष के रूप मे मनुप्रिया यादव का चेहरा हो सकता हे। तो वहीं दूसरा चेहरा पूर्व विधायक राधेश्याम पाटीदार कि पुत्र वधु दुर्गा विजय पाटीदार हे। दुर्गा पाटीदार को भी भाजपा कि ज़िला पंचायत अध्यक्ष के पद पर अधिकृत उमीदवार के रूप उतार सकती हे। तो वहीं तीसरा नाम जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए निर्मला नरेंद्र पाटीदार का हे।

## सिंधासवा हरनियान ग्राम पंचायत के किसानो को दी एफपीओ की जानकारी



मरूधर आईना

**संवाददाता तिलोकाराम दर्जी भेडाणा/** किसान उत्पादक संगठन थारमणि ओर्गेनिक प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड की किसान अभिरुचि समुह निर्माण के तहत सिंधासवा हरनियान ग्राम पंचायत के किसानों को जोड़ने के लिए किसान अभिरुचि ग्रुप का गठन कर भारत सरकार की किसान उत्त्पादक संगठन योजना की जानकारी दी किसान अभिरुचि समुह गठन के दौरान भारतीय किसान संघ जोधपुर संभाग प्रचार प्रमुख और थारमणि ओर्गेनिक प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के डायरेक्टर प्रहलाद सियोल ने किसानो को संबोधित करते हुए कहा कि किसानो की आय वृद्धि के लिए किसान अपनी उत्पादित फसलो को कम्पनी से जुड़कर प्रोसेस के माध्यम से मुल्य संवर्धन कर उच्च दर बेचने और किसानो की जरूरत के आदानों, उपकरणों और वस्तुओं को सभी किसान मिलकर रिटेल की होलसेल दर पर खरीदकर कृषि लागत को कम कर आय वृद्धि करे कम्पनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कृष्ण कुमार चौधरी ने किसानो को कम्पनी से जुड़ने के लिए आवश्यक जानकारी और औपचारिकताओ की बताया भारतीय किसान संघ तहसील अध्यक्ष और कम्पनी कोओर्डिनेटर खेता राम सियाग ने कम्पनी गतिविधियों को विस्तार से बताया इस दौरान उपस्थित किसानो ने एफपीओ के फायदों और सरकार की किसानो से जुड़ी योजनाओ को काफी फायदेमंद बताया और एफपीओ से जुड़ने मे रुचि दिखाई इस दौरान भुपाराम मालवी, लाखाराम मेगवाल पादरडी, आईदानराम, भवरसिंह, श्रवण सिंह, भेराराम, टीकमाराम, ईशराराम, नवाराम, पूराराम, प्रभुराम, मेहराराम, सुजानाराम, सावला राम, हीराराम, चेलाराम, महावीर सहित कई किसान उपस्थित रहे

## अवैध सोयाबीन एवं गोंद के वाहन को जप्त कर 1 लाख 5 हजार की पेलंटी वसूली की

मरूधर आईना

**मंदसौर बंशीदास बैरागी मंदसौर।** मंदसौर तहसीलदार मुकेश सोनी द्वारा बताया गया कि अवैध रूप से सोयाबीन एवं गोंद के वाहन जप्त कर 1 लाख 5 हजार रूपए की पेलंटी वसूली की। यह कार्यवाही प्रतापगढ़ बसाड़ के निवासी मनीष जैन एवं तनिषा एजेंसी पार्श्व एजेंसी से की गई। कार्यवाही के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिहारीसिंह के निर्देशन पर मंडी प्रशासन एवं राजस्व विभाग द्वारा की गई। मौके पर मुकेश सोनी तहसीलदार एवं टीम द्वारा गाड़ी का तौल करवाकर वसूली की कार्यवाही की गई।

**इनका कहना है की**

तहसीदार का कहना है की उक्त कार्यवाही से बिना दस्तावेज के उपज बेचने वाले व्यापारियों में हड़कंप मचा है।

**मुकेश सोनी**
**तहसीलदार मंदसौर**

### तो पीटा , तीन पर मामला दर्ज

मंदसौर बरसात के पानी का रास्ता घर के आगे निकालने के लिए मना किया तो पीटा , पुलिसने प्रकरण दर्ज किया । बिल्लौद डेरा निवासी दिनेश पिता बापूलाल बांछड़ा ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई बरसात का पानी घर के सामने निकालने से मना किया तो संदीप पिता अशोक बांछड़ा , सुनील पिता दुलेसिंह बांछड़ा , अरुण पिता कैलाश बांछड़ा व रोहित पिता ईश्वर बांछडा ने गाली - गलौज कर मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी । पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया ।

## भारतीय जनता पार्टी मंडल शिव की कार्यसमिति बैठक का हुआ आयोजन



मरूधर आईना

**शिव/दिलीप सैन**

भारतीय जनता पार्टी मंडल शिव की कार्यसमिति बैठक दिनाँक 17 जुलाई 2022 रविवार डाक बंगला शिव मे अयोजित हुई। ,जिसमे मंडल क्षेत्र में निवास करने वाले सभी पार्टी के पदाधिकारी, मोर्चो के प्रदेश व जिला पदाधिकारी, पूर्व जनप्रतिनिधिगण, मंडल प्रभारी, आमंत्रित सदस्य,जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य,मोर्चो के मंडल अध्यक्ष एवं मोर्चो के पदाधिकारी,मंडल के समस्त पदाधिकारी, सदस्य एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। खुमान सिंह सोढा सरूप सिंह खारा, गिरधर सिंह कोटडा मंडल अध्यक्ष श्रवन सिंह, देवी सिंह कोटडिया, अभय सिंह बलाई, पदम सिंह, निम्बाराम आकली, उमेद सिंह, बृज मोहन कुमावत मदन सैन, रामाराम, मोहन कुमावत, गुलाब सिंह, भवानीसिंह, दिलीप सिंह, वेण सिंह, आदि उपस्थित रहे शिव मंडल कार्यसमिति की बैठक का आयोजन मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया और संगठनात्मक कार्यो बूथ समिति व पन्ना प्रमुख पर चर्चा की।

## अखिल भारतीय बैठक में सीकर का प्रतिनिधित्व रहा



मरूधर आईना

**रामनिवास प्रजापति**

अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद की इकाई हिंदू हेल्प लाइन की अखिल भारतीय बैठक जयपुर मे आज सम्पन्न हुई। अखिल भारतीय बैठक में सीकर जिले से जिला महासचिव मुकेश केशव बाजोर, तहसील उपाध्यक्ष लोकेश होदकास्या, महेंद्र रमसेवजीका विभाग अध्यक्ष, तहसील महामंत्री रविन्द्र जेठिवाल अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के संस्थापक डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया के सानिध्य में सम्पन्न हुई जिसमें पूरे भारत से सैकड़ों मुख्य पदाधिकारी उपस्थित हुए। तोगड़िया ने बताया कि 2011 में हिन्दू हेल्प लाइन की स्थापना की गई जो 11 वर्ष से लगातार भारत मे बसे हिंदुओ के स्वास्थ्य,धार्मिक,यात्रा,शासन प्रशासन सभी प्रकार की मदद करता आ रहा है।

## जिला कलक्टर ने जिलेवासियों से निःशुल्क प्रिकोशन डोज लगवाने की अपील की

मरूधर आईना

**जालोर ( श्रवण कुमार औड़ )** जिला कलक्टर निशान्त जैन ने 18 एवं इससे अधिक आयुवर्ग के जिलेवासियों से निःशुल्क प्रिकोशन डोज लगवाने की अपील की है। जिला कलक्टर ने कहा कि कोरोना के संक्रमण से बचाव के लिए टीकाकरण ही उपाय है। चिकित्सा विभाग की ओर से 18 साल से उपर की आयु के सभी नागरिकों को कोरोना वायरस से बचाव के लिये निःशुल्क प्रिकॉशन डोज लगाई जा रही है।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गजेन्द्र सिंह ने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन के तहत भारत सरकार द्वारा कोविड वैक्सीन अमृत महोत्सव 15 जुलाई से 30 सितंबर 2022 तक 75 दिन के लिये आयोजित किये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं जिसके तहत 18 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के सभी नागरिकों को 15 जुलाई से 75 दिन तक सरकारी कोविड वैक्सिनेशन केन्द्रों पर प्रिकॉशन डोज निःशुल्क लगाई जाएगी ।जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एस. भारती ने बताया कि कोविड वैक्सीन अमृत महोत्सव के तहत भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार 15 जुलाई से 30 सितम्बर 2022 तक सभी ऐसे लाभार्थी जिनकी आयु 18 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी नागरिक जिनकों कोविड वैक्सीन की द्वितीय डोज लिए हुए 6 माह या 26 सप्ताह पूर्ण हो चुके है, ऐसे लाभार्थियों को सरकारी कोविड वैक्सीनेशन केन्द्रों पर निःशुल्क प्रिकॉशन डोज लगाई जायेगी।

## गाय के हालात नाजुक कराया ईलाज

मरूधर आईना



**केरु जोधपुर/ मदनसिंह के राजपुरोहित ।** कामधेनु सेना के बालेसर तहसील अध्यक्ष बगताराम गोदारा ने बताया कि रविवार सुबह सात बजे रामाराम खोत ने सुचना दी कि पोपावास में काफी दिनों से गाय बैठी है गाय के हालात बहुत नाजुक है बैठे रहने शरीर पर जगह से खुन आने लग गए तो गोदारा ने तुरंत विश्व स्तरीय चिकित्सालय रलावास को सूचना देकर एंबुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए विश्व स्तरीय चिकित्सालय रलावास भेजा, वहां मौजुद रामाराम सुखाराम, प्रेम,तिलाराम खोत,भैराराम मैया सहित गौभक्तों ने तैतीस सौ रुपये गौ माता के लिए जनसहयोग किया।

## सेंट्रल जीएसटी बरगद गार्डन में रविवार को मिशन बरगद टीम ने श्रमदान किया।



मरूधर आईना

**नागौर रामनिवास प्रजापति**

निकटवर्ती ग्राम खारिया-हिरानी में स्थित सेंट्रल जीएसटी बरगद गार्डन में रविवार को मिशन बरगद टीम ने श्रमदान किया। गार्डन प्रभारी राजेश कुमावत ने बताया की मिशन बरगद टीम ने बरगद गार्डन व उसके बाहर बरगद के पौधों की गुजाई कर खरपतवार को हटाया तथा केंचुआ खाद तथा कीटनाशक डाला। कुमावत ने बताया की बरगद टीम में कुल 26 लोगों ने सुबह 6:00 बजे से 11:00 बजे तक नेताराम कुमावत के निर्देशन में श्रमदान किया। इस दौरान टीम में नेमाराम, शंकरलाल, टीकम चंद, रामगोपाल, बाबूलाल, मनोज, रामनिवास, गणेश, पप्पूलाल, रामनिवास, दौलत, ओमु, मुकेश, राकेश, अशोक, शिव प्रकाश, करण, पंकज, राहुल, राकेश, रामनिवास, आदि उपस्थित रहे।उन्होंने बताया कि उनका उद्देश्य इन पौधों को पेड़ बनाने के साथ ही आसपास के क्षेत्र में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाना है।

**राजेश कुमावत निरीक्षक,**
**सीजीएसटी भीलवाड़ा**

## मोक्ष भूमि में किया बीजारोपण



मरूधर आईना

**बालेसर** क्षेत्र उटाम्बर में श्री हरीओम सुन्दरकाण्ड मंडली व राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के स्वयंसेवको द्वारा हरीयालो सावण के तहत सार्वजनिक हिन्दू मोक्ष धाम भूमि पर व धन्ना नाडी के आस पास हरीयाली व छाया के वृक्ष का बीजारोपण किया गया।

इस दौरान मंडल सदस्य दिनेश कैला, गोविन्द सैन, जालमसिह पंवार, गणपत सुथार, माधुराम राकेचा, राधेश्याम भट्टङ, देवाराम डुडी, मालमसिह पंवार, रविवराणेजा, शिव वैष्णव, हरीकिशन सैन, राजेन्द्र राठौड़, सहित कई पर्यावरण प्रेमियों ने वृक्षो के बीज लगाये।

## कोविड टीकाकरण महाभियान के तहत 9515 लोगों का हुआ टीकाकरण

मरूधर आईना

**जालोर ( श्रवण कुमार औड़ )** जिला कलक्टर निशांत जैन के निर्देशानुसार जिले में कोविड टीकाकरण से वंचित रहे लोगों के टीकाकरण के लिए शनिवार को महाअभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा स्कूलों व घर-घर भ्रमण कर शनिवार को जिले में 9515 लोगों का टीकाकरण किया गया ।अभियान के तहत जिले के सभी ब्लॉक में स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा पात्र लोगों का टीकाकरण किया गया। महाअभियान के लिए खण्ड स्तर पर उपखण्ड अधिकारी को प्रभारी एवं बीसीएमओ व बीडीओ को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा




प्रथम व द्वितीय डोज एवं प्रीकॉशन डोज से वंचित रहे पात्र लोगो का लक्ष्यानुरूप टीकाकरण किया जा रहा है। आरसीएचओ डॉ. रमाशंकर भारती ने बताया कि जिले में महाअभियान में शनिवार को 9515 लोगों का टीकाकरण किया गया जिसमें 248 लोगों को प्रथम डोज, 2153 लोगों को द्वितीय डोज एवं 7114 लोगों को प्रीकॉशन डोज लगवाई गई।

## 18 से 25 जुलाई तक चलेगा एंटी डेंगू अभियान

मरूधर आईना

**जालोर ( श्रवण कुमार औड़ )** चिकित्सा विभाग द्वारा मौसमीं बीमारियों की रोकथाम के लिये जिले में 18 से 25 जुलाई 2022 तक एंटी डेंगू अभियान चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. गजेन्द्र सिंह देवल ने बताया कि मानसून सीजन में वेक्टर जनित रोग जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकुनगुनिया इत्यादि रोग के प्रसार होने की संभावना होती है। इन रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए 18 से 25 जूलाई तक जिले भर में डेंगू रोधी अभियान चलाया जाएगा ।अभियान की तैयारियों एवं सफल क्रियान्विति को लेकर सभी बीसीएमओ एवं चिकित्सा अधिकारी प्रभारी सीएचसी, पीएचसी को निर्देश जारी किये गये है। साथ ही हाई



रिस्क एरिया में लगातार सोर्स रिडक्शन की कार्यवाही जारी रखने एवं एंटी लार्वा सर्वे टीम की प्रभावी मोनिटरिंग करने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने बताया कि अभियान में एएनएम, आशा एवं सीएचओ की टीमें बनाकर घर घर सर्वे किया जायेगा, जिसमें कूलर, टंकी, गमले की ट्रे आदि पानी भराव वाले पात्रों एवं स्थानों में लार्वा की जांच कर लार्वा नष्ट किया जाएगा। बुखार के रोगियों की रक्त पट्टिका बनाई जाएगी साथी ही लार्वा का प्रदर्शन कर आमजन को जागरूक किया जाएगा !

# भीनमाल , रानीवाडा , सांचौर , जालोर प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत आयोजित होंगे वार्ड शिविर

### जिला कलक्टर ने शिविर में आमजन को लाभान्वित करने के दिए निर्देश

मरूधर आईना

**जालोर ( श्रवण कुमार औड़ )** प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत जिले में नगर परिषद जालोर, नगर पालिका भीनमाल, सांचौर एवं रानीवाडा में वार्ड शिविर आयोजित किए जाएंगे। स्वायत्त शासन विभाग के निर्देशानुसार वार्डवार कार्यक्रम में शिविर का समय प्रातः 10 बजे से सांय 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। शिविर के लिए संबंधित उपखण्ड अधिकारी को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला कलक्टर निशान्त जैन ने संबंधित अधिकारियों को राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप प्रशासन शहरों के संग अभियान में संपादित होने वाले कार्य तत्परता से करते हुए आमजन को लाभान्वित करने के निर्देश दिए है। प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत आयोजित होने वाले शिविरों में स्थानीय निकाय द्वारा किये जाने वाले कार्य यथा-स्टेट ग्रान्ट एक्ट, खांचा भूमि आवंटन, कृषि भूमि रूपान्तरण (90ए), पुरानी आबादी में फ्री होल्ड पट्टे (69ए), कच्ची बस्ती नियमन, निकाय की योजनाओं में पट्टे, नजूल सम्पतियों पर बसी कॉलोनियों के पट्टे, लीज होल्ड पट्टों को फ्री होल्ड पट्टों को बदलना, पूर्व में जारी पट्टों का पुर्नवैध कर पंजीयन करना, लघु अवधि की लीज सम्पति को 99 वर्षीय लीज एवं फ्री होल्ड के पट्टे देना, नाम हस्तान्तरण, पुनर्गठन, उपविभाजन, भू-उपयोग परिवर्तन के तहत पट्टे जारी करना, भवन मानचित्र अनुमोदित करना, निर्माण अवधि विस्तार करना, आवंटन व नीलामी के प्रकरणों में आवंटन पत्र बहाल करना, प्रधानमंत्री आवास योजना/मुख्यमंत्री जन आवास योजनाओं के अंतर्गत आवेदन प्राप्त करना, इन्दिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालयों का चिन्हीकरण, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत स्व रोजगार के लिए ऋण आवेदन पत्र प्राप्त करना एवं कौशल प्रशिक्षण के लिए आवेदन पत्र प्राप्त करना तथा पथ विक्रेता को पहचान पत्र जारी करना आदि कार्य किये जायेंगे।

### अन्य विभागों द्वारा किये जाने वाले कार्य

शिविर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा वृद्धावस्था, विधवा एवं विकलांग पेंशन, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल व पाईप लाईन लीकेज, खराब नल व हैण्ड पम्प ठीक करना, ऊर्जा विभाग द्वारा ढीले तारों को व्यवस्थित करना, भवनों के ऊपर की लाईनों को शिफ्ट करना, बकाया विद्युत कनेक्शन जारी करना, सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा निकाय क्षेत्र की क्षतिग्रस्त व टूटी सड़कों एवं पुलियाओं की मरम्मत करना, राजस्व विभाग द्वारा मास्टर प्लान क्षेत्र की मरम्मत सिवायचक भूमि को निकायों को हस्तांतरित करना, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय टीकाकरण, कुपोषण से मुक्ति कार्य तथा चिकित्सा विभाग द्वारा विशेष योग्यजन को प्रमाण पत्र देना आदि कार्य किये जायेंगे । जालोर नगर परिषद के आयुक्त महिपाल सिंह ने बताया कि नगर परिषद के वार्ड संख्या 1 के लिए 18 से 19 जुलाई, वार्ड संख्या 2 के लिए 21 से 22 जुलाई, वार्ड संख्या 3 के लिए 25 से 26 जुलाई, वार्ड संख्या 4 के लिए 28 से 29 जुलाई तथा वार्ड संख्या 5 के लिए 1 से 2 अगस्त तक वैद्यनाथ महादेव मंदिर बागोडा रोड में शिविर आयोजित होगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी गजेंद्र प्रसाद के लिए माणक ऑफसेट प्रिंटर्स, बोहरा भवन, एम जी एच रोड, जोधपुर, राजस्थान, से मुद्रित एवं सरकारी स्कूल के सामने, माधोपुरा, आहोर, जालोर 307029 (राजस्थान) । संपादक गजेंद्र प्रसाद, उपसंपादक रघुवीर सिंह देवड़ा, माधोपुरा रोड आहोर, जालोर राजस्थान 307029, फोन नंबर 8890680200, 82098 54647, ईमेल - marudharaaina@gmail.com, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जालोर रहेगा, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी )

## नीट परीक्षा के दौरान गड़बड़ी, परीक्षार्थियों ने किया हंगामा



### लिफाफे पर गलत नोट की वजह से अंग्रेजी की जगह दे दिए गए हिंदी में पेपर, परीक्षा खत्म होने के बाद अभिभावकों ने किया प्रदर्शन

मरूधर आईना

**नागौर रामनिवास प्रजापति कुचामन-** कुचामन शहर के डिडवाना रोड स्थित सेंट पॉल स्कूल में रविवार को नीट परीक्षा हुई। जिसमें 648 विद्यार्थियों को पेपर देना तय किया गया था। पेपर तीन घंटे 20 मिनट का था, लेकिन गड़बड़ी तब हुई जब हिन्दी और अंग्रेजी भाषा के पेपर अदला बदली हो गई।

वजह ये थी कि पेपर लिफाफे पर ही गलत लिखा हुआ था। ऐसे में जिन परीक्षार्थियों को अंग्रेजी भाषा का पेपर देना था, उन्हें हिन्दी भाषा का दे दिया गया। जब परीक्षार्थियों ने इसकी जानकारी टीचर को दी तो उन्होंने पेपर वापस लिया और दोबारा से सही से बांटा गया।

इस बारे में नीट प्रबंधक को सूचना दी और सभी विद्यार्थियों को एक घंटे का समय ज्यादा दिया गया, लेकिन जब विद्यार्थी परीक्षा केंद्र से बाहर आए तो उन्होंने कहा कि हमारे साथ गलत व्यवहार किया गया है। विद्यार्थियों का कहना था कि मार्कशीट पर कई सवाल किए हुए थे फिर भी उसे चेंज करा दिया गया था, जिससे हमें बड़ा नुकसान हो चुका है।

परीक्षा के बाद अभिभावकों और विद्यार्थियों की ओर से परीक्षा सेंटर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया गया, जहां पर कुचामन थाना अधिकारी हनुमान सिंह चौधरी और एसडीएम बाबूलाल जाट की ओर से परीक्षार्थियों को संतुष्ट करने के लिए समझाइश की गई।

## 9अगस्त आदिवासी दिवस को लेकर आज भील समाज सभा भवन शेरगढ़ में कार्यकारिणी बैठक आयोजित हुई



मरूधर आईना

**जोधपुर/ भावेश भील पूंजाबेरी/** अगस्त आदिवासी दिवस को लेकर आज भील समाज सभा भवन शेरगढ़ में कार्यकारिणी बैठक रखी गई, जिसमें सर्व सहमति से शेरगढ़ मुख्यालय पर मनाने का प्रस्ताव पास किया गया,व कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें अम्बाराम भील ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारने का आह्वान किया,इस दौरान, मास्टर रुपाराम राही साहब, शैतानाराम, अम्बाराम भीलह्यझतला, ओमप्रकाश साईं, सरवन, दिनेश, नकतेश गड़ा, दुर्गादास, रायपाल, सहित कई लोग मौजूद रहे हैं।

## जालोर जिले के नुन गांव में 25 गायो की मौत, गौ भक्तो मे रोष

मरूधर आईना

**जगमाल सिंह राजपुरोहित मोदरान/ जालोर।** जिले के नुन ग्राम पंचायत मे स्थित श्री सोबेत्रा माताजी गौशाला सेवा समिति द्वारा संचालित गौ शाला मे गायों में संक्रामक पशु रोग लंपी स्किन डिजीज से अभी तक 25 गायो की मौत हो गई। इस दौरान प्रशासन ने डॉक्टरों की टीम मौके पर पहुंचकर जांच के लिए सैंपल लिये गये । गौशाला से मिली जानकारी के अनुसार दो दिन पुर्व 1-2 फिर परसों 7और आज एक साथ 15 गायों की मौत हो चुकी हैं । इस सम्बन्ध में ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को सुचना देने पर प्रशासन द्वारा डॉक्टरों टीम मौके पर भेजकर बीमार गायो का ईलाज किया जा रहा हैं । ईधर गायों के मरने की खबर सुनते



ही गौ सेवको व गौ भक्तो मे भारी रोष व्याप्त है ग्रामीणों ने बताया की पुर्व मे भी सैकडो गाय की लंपी स्किन बिमारी से सैकडो गायों की मौते हो गई थी।

# कार खरीदने के लिए किया ट्रायल, वापस नहीं दी

### मालिक लेने गया तो युवकों बंधक बनाकर सेल कांट्रेक्ट पर जबरन करवा लिया साइन

मरूधर आईना

**नागौर रामनिवास प्रजापति मकराना-** कार खरीदने हेतु कार को ट्रायल पर लेकर गए युवकों ने मालिक को बंधक बनाकर कार का सेल कॉन्ट्रेक्ट पर हस्ताक्षर करवाने का मुकदमा मकराना पुलिस थाना में दर्ज हुआ है। दाता रामगढ़ निवासी सोहन लाल वर्मा पुत्र लक्ष्मण राम मेघवाल (50) ने रिपोर्ट में बताया कि मकराना के जुसरी निवासी आरोपी धर्माराम पुत्र भंवरलाल मेघवाल उसका रिश्तेदार हैं। एक महीने पूर्व धर्माराम अपने साथ दूसरे आरोपी बरवाली निवासी राजूराम मेघवाल को लाया। उन्होंने उसके पुत्र कमलेश के नाम रजिस्टर इनोवा कार संख्या आरजे 20 यूए 0019 को खरीदने की इच्छा जताई। आरोपियों ने कार पसंद कर मिस्त्री को दिखाने के




लिए ट्रायल पर ले गए और उनकी जिम्मेदारी धर्माराम ने ली।

पीड़ित के मुताबिक 5-7 दिन बाद भी नहीं लौटने पर सोहनराम आरोपी धर्माराम के पास गया तो उसने कार राजूराम के पास होने की कहकर उसे बरवाली ले गया। वहां राजूराम ने कार के बारे में साफ इंकार कर दिया। दोनों की मिलीभगत की शंका होने पर प्रार्थी ने अपने रिश्तेदारों को आपबीती सुनाई तो रिश्तेदार उसे साथ लेकर आरोपी के घर गए। जहां आरोपी ने जुसरी निवासी भंवर लाल, बरवाली निवासी रतन लाल, जगदीश सहित अन्य 5-10 रिश्तेदारों को पहले से ही जमा कर रखा था।

प्रार्थी ने बताया कि उसके पहुंचते ही आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार किया और धक्का मुक्की कर एक कमरे में बंधक बना लिया। आरोपी उस पर कार का बेचन नामा करने का दबाव बनाने लगे और हस्ताक्षर नहीं करने पर बलात्कार के झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी।

आरोपियों ने जबरदस्ती सोहन राम से एक शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करवा लिए, जिसके बाद उसे छोड़ा गया। वापस आकर उसने समाज के लोगों को सारी बात बताई। जिस पर समाज के लोगों ने भी आरोपियों को राजीनामा कर कार लौटने को कहा, लेकिन आरोपी नहीं नहीं माने। पुलिस ने धारा 420, 406, 147, 384, 342, 323, 504 व 120 बी आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

### 28 जुलाई को होगा किसान सम्मेलन

## संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक में लिया फैसला, सेवानिवृत्त सैनिकों का भी होगा सम्मेलन

मरूधर आईना

**जगमाल सिंह राजपुरोहित मोदरान/ सांचौर-** सांचौर के पीडब्ल्यूडी सर्कल के पास डाक बंगले में रविवार को संयुक्त किसान मोर्चे की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ईशरा राम विश्नोई ने की। जिला मंत्री मका राम चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय संयुक्त किसान मोर्चा की 3 जुलाई की बैठक के निर्णय अनुसार 28 जुलाई 2022 को सांचौर में किसान सम्मेलन रखने का निर्णय लिया गया। साथ ही अग्निपथ योजना का विरोध करने के लिए 9 अगस्त को सेवानिवृत्त सैनिकों का संयुक्त सम्मेलन आयोजित होगा। इस दौरान विरद सिंह चौहान ने कहा कि नर्मदा का पानी वितरिकाओं में नहीं पहुंचने से किसानों को पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। नर्मदा नहर




का सिस्टम फेल हो रहा है, इसे व्यवस्थित करने की मांग की। बैठक को संबोधित करते हुए जगदीश पूनिया ने बताया कि उपखंड अधिकारी कार्यालय एवं तहसील कार्यालय पर स्टांप की राशि दोगुनी ली जा रही है। इसको रूकवाने के लिए उपखंड अधिकारी सांचौर को ज्ञापन देने की जरूरत है। जिस पर सभी ने सहमति जताई। जोगाराम चौधरी कारोला ने भारत माला सड़क निर्माण में अंडर पास समतल बनाने की मांग की। राणाराम चोरा ने कहा कि भारत माला में स्ट्रक्चर एवं पेड़-पौधों की राशि का भुगतान नहीं हुआ है। इसके भुगतान की मांग की। वहीं बाबूलाल जाट उप सरपंच गुड़ा हेमा ने प्रस्ताव रखा कि राजस्व रिकॉर्ड ऑनलाइन होने से बहुत सारी त्रुटियां हुई है। विशेषकर नर्मदा मुख्य नहर भी नक्शे से मेल नहीं खा रही है। ऐसे में इन त्रुटिओं का सुधार करवाया जाए। इसके अलावा रिड़मलसिंह गुंदाऊ, सुबेदार मेजर, पूनमाराम विश्नोई ने भी संबोधित किया।

### कार्यकारिणी का विस्तार

बैठक में संयुक्त मोर्चा की जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमें विरद सिंह चौहान को जिला प्रवक्ता, बाबूलाल जाट उप सरपंच गुड़ाहेमा को उपाध्यक्ष, पूनमाराम पूर्व सैनिक, जगदीश सियाग मेघावा, जगमालाराम लोम रोड कुंडकी, दीपा राम साहू डी एस ढाणी, धीमाराम खिलेरी, जोगाराम चौधरी कारोला, किशनाराम विश्नोई रावतसर को सदस्य लिया गया।

## झोलाछाप डॉक्टरों का आतंक, अवैध रूप से चल रहे क्लीनिक

### फतेहगढ़ उपखंड के कई गांव झोलाछाप डॉक्टरों की चपेट में,स्वास्थ्य विभाग मौन में

मरूधर आईना

**जैसलमेर /राकेश दहिया फतेहगढ़.** फतेहगढ़ उपखण्ड में स्वास्थ विभाग के अधिकारी इतने मस्त है जिसका अंदाज भी आप नहीं लगा सकते ये लापरवाह अधिकारी ऐयर कंडिशनर में बैठकर सिर्फ खाना पूर्ति करते है। इनसे संक्षण प्राप्त झोलाछाप डॉक्टर अवैध रूप से मौत का क्लीनिक दंबगई से चला रहे है। झोला छाप डॉक्टरो का आतंक इतना बढ़ गया है कि जिस तरफ नजर डाले झोला छाप डॉक्टर ही नजर आते है। झोला छाप डॉक्टरों के इंजेक्शन लगाने से कई लोगों की मौत भी हो चुकी है।

आलम यह है कि एक एक गांव मै चार-चार झोलाछाप डॉक्टर की दुकानें चल रही हैं। बिना किसी डिग्री के छोटे से छोटे और बड़े से बड़े हर मर्ज का इलाज इनके यहां होता है। अगर मरीज थोड़ा ठीक भी है और इनके इलाज अगर वो बीमार पड़ जाए तो इससे इनको कोई परवाह नहीं है।

इन झोलाछाप डॉक्टरों का लक्ष्य सिर्फ चंद पैसे कमाना ही होता है। यही वजह है कि आए दिन गरीब तबके के लोग इन डॉक्टरों के शिकार हो जाते हैं। जिससे वे अपनी जान तक गंवा बैठते हैं। इसके बावजूद भी ऐसे झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते।

### झोलाछाप डॉक्टरों मै स्वास्थ्य विभाग का भी नहीं रहा कोई खौफ

फतेहगढ़ उपखण्ड के आसपास के गांवों में सैकड़ों की संख्या में झोलाछाप डॉक्टर क्लीनिक चला रहे हैं। उन्हें पता है कि विभाग कभी छापेमारी करने नहीं आएगा चूंकि विभागीय अधिकारियों के साथ उनकी सांठ-गांठ रहती है। किसी शिकायत पर अगर छापेमारी हो भी जाती है तो इसकी जानकारी इन्हें पहले ही मिल जाती है। अवैध क्लीनिकों के अलावा अवैध मेडिकल स्टोर भी सैकड़ों की संख्या में चल रहे हैं। यही नहीं इन मेडिकल स्टोर पर उन दवाइयों को भी आसानी से लिया जा सकता है जिन पर बैन है झोलाछाप डॉक्टर के रुप में कार्य रहा है ग्रामीणों ने कहा कि लगातार इस झोलाछाप डॉक्टर का आंतक है लोगो से चांदी कूटने एवं उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने में कोई कसर नही छोड़ रहा है

### कॉन्स्टेबल सीखा रही बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर

## 500 बालिकाओं को दिया प्रशिक्षण, कानूनी अधिकारों की दी जानकारी

मरूधर आईना

**जगमाल सिंह राजपुरोहित मोदरान/ सांचौर-** सांचौर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांकड़ में महिला आत्मरक्षा सेल्फ डिफेंस का सात दिवसीय प्रोग्राम का समापन प्रधानाचार्य जगदीश कुमार कड़वासरा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। प्रधानाचार्य ने कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास पैदा करना है, ताकि वह आने वाले खतरों से स्वयं की रक्षा कर सकें। उन्होंने कहा कि व्यक्ति स्वयं की सम्पत्ति की रक्षा किसी भी चोरी, डकैती, शरारत व आपराधिक अधिकार के खिलाफ कर सकता है। ऐसा वह व्यक्ति किसी दूसरे की जान बचाने के लिए भी कर सकता



है पर सम्पत्ति बचाने के लिए नहीं। ऐसे में अगर किसी व्यक्ति की मृत्यु भी हो जाती है तो वह आत्म रक्षा में आता है।

प्रशिक्षण में महिला कांस्टेबल पालु द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांकड़ करीब 500 बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया व आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। जिसमें बालिकाओ ने बढ़चढ़ कर भाग ले रही है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर व्याख्याता मोहनलाल पंवार, सुरेश गोदारा, वरिष्ठ शिक्षक पी.सी. डारा, भागीरथ खीचड़, केसाराम पुनिया,पुनाराम खिलेरी, पपुराम, धुरेंद कुमार जवाराराम मेघवाल, दिनेश खीचड़, मोहनराम गोदारा सहित कई विद्यालय स्टाफ व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## वार्डवार सर्वे के बाद लगेंगे शिविर



### एक भी पात्र व्यक्ति पट्टे से वंचित नहीं रहेगा -खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री

**जयपुर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत प्रत्येक वार्ड में घर- घर सर्वे किया जाएगा और उसके बाद पात्र व्यक्तियों को पट्टे दिए जाएंगे। श्री सिंह ने रविवार को सचिवालय में नगर निगम जयपुर, हैरिटेज क्षेत्र में अभियान के तहत दिए जा रहे पट्टों के संबंध में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि अभियान के दौरान प्रत्येक पात्र व्यक्ति को पट्टा मिल जाए। इसके लिए राज्य सरकार ने पट्टे दिए जाने के नियमों का सरलीकरण कर दिया है और दरों में 75 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। उन्होंने बहुमंजिला आवास के पट्टे दिए जाने में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने वार्ड के जनप्रतिनिधियों से भी सर्वे में सहायता करने की अपील की। प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास एवं आवासन श्री कुंजी लाल मीणा ने बताया कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को पट्टा देने के लिए विभाग पूरी तरह तैयार है। अभियान की प्रगति की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। नगर निगम जयपुर, हैरिटेज के सभी वार्डों के सर्वे 30 जुलाई तक कर लिया जाएगा।

### विकास कार्यों का जायजा

## नगर पालिका चेयरमैन ने 6 वार्डों का किया दौरा, अधूरे कार्यों को जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

मरूधर आईना

**जगमाल सिंह राजपुरोहित मोदरान/ सांचौर-** सांचौर नगर पालिका के चेयरमैन नरेश सेठ ने रविवार को वार्ड संख्या 30 से लेकर 35 तक संबंधित वार्ड पार्षदों के साथ दौरा किया। इन वार्डों की कच्ची बस्तियों में हो रहे विकास कार्यों का जायजा लेते हुए जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। वहीं सीसी सड़क की गुणवत्ता को लेकर अध्यक्ष सेठ व उपाध्यक्ष हीराराम देवासी ने नाराजगी जाहिर करते हुए निर्धारित माप दंड के अनुसार कार्य करने की नसीहत दी।



अध्यक्ष नरेश सेठ ने बताया कि राज्य मंत्री सुखराम बिश्नोई के निर्देश पर रविवार को वार्ड संख्या 30, 31, 32, 33, 34 व 35 के रामदेव कॉलोनी, मेघवालों का वास, जटिया कॉलोनी, नट कॉलोनी, सीटी सेंटर, आशापूर्णा कॉलोनी, शिवनाथपुरा, मेहता हॉस्पिटल के पीछे व उकावाडी का निरीक्षण कर लोगों की समस्या सुनी और नगर पालिका के कार्मिकों को समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि शहर की सुंदरता को नया आयाम देना है। इसलिए शहर में सौंदर्यीकरण को लेकर कदम उठाए जाएंगे। इसके अलावा नगर पालिका भवन, स्टेडियम, हेल्थ क्लब बनाने को लेकर प्रस्ताव तैयार किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि आज से प्रतिदिन चार से पांच वार्डों के दौरे करके वहां के लोगों से मुलाकात करूंगा और उनकी समस्याओं को जान कर समाधान करवाऊंगा। शहर की कच्ची बस्तियों में आज भी बिजली, पानी व सड़क जैसी मूलभूत जरूरतों का कार्य अधूरा है, उनको सुदृढ़ करने का प्रयास करूंगा।

वार्डों में सभी जगहों पर सड़कों, नालियों सहित अन्य अधूरे विकास कार्य को तय सीमा में पूरे करवाऊंगा। चेयरमैन के वार्डों के निरीक्षण के जानकारी पर नगर पालिका कार्मिक भी मौके पर पहुंचे और साफ सफाई को लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। इस दौरान विकास शाखा के कर्मचारी अरविंद पूनिया, पार्षद प्रतिनिधि भंवरलाल मेघवाल, चतुरमल जीनगर, रमेश मेघवाल, अमित खां, मनोहर सिंह, खेमाराम बंशीवाल, पार्षद चंदा नट, श्रवण सोनी व लतीफ खान सहित अन्य मौजूद रहे।

मरुधर AAINA
एक आईना जो दिखाएं सच...
गजेन्द्र गहलोत
+91-8890680200
प्रधान संपादक
आवश्यकता निष्पक्ष, निर्भिक और साहसी पत्रकार की जिनमें हो सच लिखने की ताकत समाज के हित में
साप्ताहिक समाचार पत्र
दैनिक डिजिटल ई-समाचार पत्र
डिजिटल प्लेट फार्म
आवश्यकता
तमाम जिले एवं तहसील स्तर पर एजेंसी/संवाददाता की आवश्यकता हैं ।
विज्ञापन और खबरें प्रसारित करने के लिए सम्पर्क करें ।
आज ही जुड़े मरुधर आईना से...
विज्ञापनों में विशेष छुट
सेवाएं :-
समाचार पत्र डिजाईन, युट्यूब अपडेट, पोस्टर डिजाईन, सोशल मिडिया मेनेजमेंट, आईटी वर्क, विडियो एडिटिंग, लोगो डिजाईन, वेब डिजाईन,
रघुवीरसिंह देवडा (उप संपादक)
+91 82098 54647
\marudharaaina
ekaainabharatnews@gmail.com www.marudharaaina.com
घर बैठे पाए अब सब अपडेट्स अभी अपने फोन से आपका नाम और जिला M.:8003375086 भेजे

# मुनाबाव बॉर्डर पर घूम रहे कपल को पकड़ाःपंजाब से मुनाबाव बॉर्डर देखने पहुंचे, BSF ने पकड़ कर सौंपा पुलिस को

मरूधर आईना



**बाड़मेर/ भावेश भील पूंजाबेरी/** भारत-पाक मुनाबाव बॉर्डर पर बिना अनुमति घूम रहे कपल (दंपति) को बीएसएफ ने पकड़ लिया। सीमा सुरक्षा बल ने पूछताछ के बाद गडरारोड पुलिस को सौंप दिया। विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों ने जेआईसी (संयुक्त पूछताछ) में पूछताछ की गई। पूछताछ में दोनों पति-पत्नी बता रहे है। जेआईसी के बाद दोनों से संदिग्ध कुछ नहीं मिलने पर रवाना कर दिया गया। गडरारोड थानाधिकारी प्रभुराम मेघवाल के मुताबिक चंदनखेड़ा तहसील अबोहर जिला फाजिल्का पंजाब निवासी, हाल कनाडा की नागरिकता प्राप्त कुलविंदरसिंह (44) पुत्र मंहिंगासिंह व करमजीत (41) पत्नी कुलविंदरसिंह जट सिख को प्रतिबंधित इलाके में घूमने पर पकड़ा था। पूछताछ में इन्होंने मुनाबाव घूमने के लिए आना बताया है। दोनों को शनिवार को बाड़मेर जेआईसी के लिए भेजा गया। ये दोनों खुद को पति-पत्नी बता रहे है और चंडीगढ़ पासिंग कार से जैसलमेर-सम घूमते हुए भारत-माला सड़क मार्ग से इंटरनेशनल मुनाबाव रेलवे स्टेशन देखते हुए पाए जाने पर बीएसएफ ने पकड़ा था।

### विभिन्न एजेंसियों ने की संयुक्त पूछताछ

बॉर्डर पर पकड़े गए कंपल का बाड़मेर जिला मुख्यालय पर विभिन्न संयुक्त एजेंसियों द्वारा पूछताछ की गई। घंटों चली संयुक्त पूछताछ के बाद दोनों से कुछ भी संदिग्ध नहीं मिलने पर दोनों को रवाना किया गया। दोनों के पास कनाडा की नागरिकता प्राप्त है।

# रामदेवरा मे आवारा पशुओं का आंतकःसड़कों पर आए दिन लग जाता है जाम, साड़ों को लड़ाई से दुकानदारों और राहगीरों को होती है दिक्कतें



मरूधर आईना

**जैसलमेर /राकेश दहिया**
**रामदेवरा-** राम देवरा में आवारा पशुओं के कारण स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं की परेशानी मे दिनों दिन बढ़ोत्तरी हो रही है। आवारा पशुओं की संख्या में इजाफा होने ने आए दिन सड़कों के बीच और पार्किंग स्थलों पर उनकी आपसी भिड़ंत के कारण श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों की जान पर बन आती है।

आवारा पशुओं झुंड के आपस में लड़ने से व्यापारियों को भी सामान के क्षतिग्रस्त होने से आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। कस्बे में आवारा पशुओं की संख्या मे बढ़ोत्तरी होने से हर सड़क और चौराहे के बीच उनकी मौजूदगी के कारण आए दिन यातायात प्रभावित होने से जाम लग जाता है। इस समस्या के कारण मोटर साइकिल चालक घायल हो जाते है और बड़े वाहनों के क्षतिग्रस्त होने से नागरिकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कस्बे मे बाबा रामदेव मंदिर के आगे भी पशुओं की मौजुदगी के कारण श्रद्धालु परेशानी मे पड़ जाते है। बेफ्रिक घुम रहे श्रद्धालुओं के हाथ से प्रसाद का बेग या अन्य सामान छीनने के कारण कई बार श्रद्धालु घायल हो जाते है या उनका सामान नष्ट कर दिया जाता है और इस छिना झपटी में कई बसा श्रद्धालुओं को घायल होना पड़ा है। आवारा पशुओं ने मंदिर रोड़ पर कई बुजुर्ग महिलाओं को घायल करने से श्रद्धालुओं और ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

### प्रशासन धर पकड़ के लिये नही चला रहा अभियान

तीर्थ स्थली रामदेवरा मे पशुओं के आंतक की इस परेशानी से निजात दिलाने के लिये प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नही की जा रही है। आवारा पशुओं को गांव से बाहर खदेड़ने के लिये और गौ शाला मे भेजने के लिये उनकी धर पकड़ के लिये कोई कदम नही उठाने से इस समस्या से निजात पाना मुश्किल हो गया है।

रामदेवरा के ग्राम सेवक चौथाराम ने बताया कि इसी महीने की 28 तारीख से आवारा पशुओं को कस्बे के बाहर गौशाला में भेजने के टेंडर कर दिए गये है और स्थानीय नागरिकों में पशु भी अगर मुख्य बाजरा में विचरण करते मिले तो उनको भी पाबंद किया जाएगा।

# आराधना भवन में राजतिलक विजय के पावन निश्रा में मंगलकारी शक्रस्तव अभिषेक किया

मरूधर आईना

**बालोतरा/ भावेश भील पूंजाबेरी/** बालोतरा नगर में रविवार को चातुर्मास अवधि में होने वाले धार्मिक अनुष्ठान के क्रम में विमलनाथ जैन मंदिर के समीप आराधना भवन में परम पूज्य प्रवर श्री राज तिलक विजय गणिवर्य एंव साधु साध्वी की पावन निश्रा में महा मंगलकारी वर्धमान महा अभिषेक किया गया। कार्यक्रम के दौरान राजतिलक विजय महाराज ने प्रवचन देते हुए कहा कि चातुर्मास यानी धर्म जागरण संपूर्ण में समस्त साधु समाज निरंतर पाद विहार को विश्राम देकर एक स्थान पर स्थित हो जाते हैं। वह भी ऐसे स्थान पर जहां न्यूनतम जीवित पति हो और अपने शुद्ध चरित्र का निर्माण कर सकें। अधिक से अधिक धर्म पिपासु उनके संपर्क में आ सके, ताकि उसे कल्याणकारी मार्ग का बोध करा सकें।



कल्याणकारी मार्ग जिनवाणी कथा प्रवचन के माध्यम से अथवा प्राचीन परमात्मा तथा महान गिटार गुरु भगवंतों के जीवन में घटित घटनाओं की नाटिका के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाए जाता है, संस्था से ग्रहण किया जा सके। लाभार्थी परिवार द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ अभिषेक तथा आरती कर कार्यक्रम को संपन्न किया

# एनएच अफसरों को सुनाई खरी-खरी.. रेण में निरीक्षण करने पहुंचे अफसर, खाई खोद पानी निकालने और कांक्रीट बिछाने का काम शुरू

मरूधर आईना



**नागौर रामनिवास प्रजापति**
**मेड़ता-** अजमेर से नागौर की तरफ जाने वाले नेशनल हाइवे नंबर-58 की सुध लेने आज दोपहर एनएच के अफसर रेण पहुंचे। यहां पुलिस चौकी के पास हाइवे 2 से 3 फीट गहरे गड्?ढों में बदला हुआ है, जिनमें बारिश का पानी भर जाने से कीचड़ फैला हुआ है।

जब एनएच के दो एईएन की टीम अजमेर से रेण पहुंची तो कस्बे के लोगों ने खूब खरी-खरी सुनाई। इसके बाद अफसरों ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया तब लोग माने। करीब डेढ़-दो महीने से जर्जर हाइवे की सुध लेने के लिए एनएन के अजमेर एईएन सतीश योगी और एईएन राहुल कुमार अपनी टीम के साथ रेण कस्बे में पहुंचे। इस दौरान कस्बे के लोगों ने अफसरों को अनदेखी पर खूब सुनाया। शंकर लाल भादू, रामस्वरूप विश्नोई, इंद्रचंद मेघवाल, एडवोकेट गणपत लाल बेड़ा, सुखदेव विश्नोई, श्रवणराम विश्नोई सहित कस्बे के लोगों ने कहा कि यहां रोजाना हादसे हो रहे हैं। छोटी-बड़ी गाड़ियां फंस रही मगर आपका विभाग मौन है। अगर कल को यहां कोई बड़ा हादसा हो जाता है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा? इसके बाद एनएच के दोनों अफसरों ने ग्रामीणों को उनकी पूरी समस्या का समाधान करने का उचित आश्वासन देकर काम शुरू कराया।

### नालों की सफाई नहीं, यह लोकल बॉडी का काम- एनएच एईएन

एनएच के अफसरों ने मौके पर जेसीबी मशीन बुलाई और करीब 2 से 3 फीट गहरे गड्?ढों में भरे पानी को निकालने के लिए सड़क के किनारे खाई खुदवाई। सारा पानी निकालने के बाद गड्?ढों में कंक्रीट डलवाने का काम शुरू किया गया। इतना ही नहीं नाले की भी सफाई कराई जाएगी। एईएन योगी ने बताया कि हमारे पानी निकासी की अस्थायी व्यवस्था कर दी है मगर यह काम लोकल बॉडी का है। इसके लिए स्थानीय ग्राम पंचायत या फिर पंचायत समिति को भी समझना पड़ेगा। एनएच के एईएन योगी ने बताया कि हमने पूर्व में पुलिस चौकी से रेलवे फाटक की तरफ सीसी रोड बनवाई थी। साथ ही पानी निकासी के लिए नाला भी बनवाया था मगर नाला तो जाम पड़ा है। पानी की निकासी हो ही नहीं रही। इसके लिए हम पंचायत समिति के बीडीओ को भी पत्र लिख चुके हैं। पानी की निकासी ही इस समस्या का स्थायी समाधान है।

# टाक को मिली गणेश महोत्सव की कमान

### लगातार तीसरी और कुल 7वीं बार अध्यक्ष बनें, 31 अगस्त से 9 सितंबर तक होंगे विभिन्न आयोजन

मरूधर आईना



**नागौर रामनिवास प्रजापति**
**मेड़ता-** शहर के चौमुखा महादेव मंदिर में गणेश महोत्सव समिति की बैठक हुई। जिसमें एक बार फिर पुखराज टाक को सर्वसम्मति से गणेश महोत्सव समिति का अध्यक्ष बनाया गया। बैठक में महोत्सव के दौरान होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की गई।

गणेश महोत्सव मनाए जाने के लिए पुखराज टाक की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें नई कार्यकारिणी के चुनाव का प्रस्ताव रखा गया, लेकिन अध्यक्ष पद पर कोई सहमति नहीं बनी। इसके बाद पूर्व कार्य समिति को ही यथावत रखने का निर्णय लिया गया। इसी के साथ पुखराज टाक को लगातार तीसरी बार गणेश महोत्सव समिति का अध्यक्ष चुन लिया गया। आपको बता दें कि इससे पहले कुल 6 बार पुखराज टाक गणेश महोत्सव समिति के अध्यक्ष रह चुके हैं और अब 7वीं बार फिर उन्हें महोत्सव की कमान मिली है।

बैठक के दौरान श्यामसुंदर सांखला, दीपक सारड़ीवाल, रमेश, रामअवतार जादम, रामकिशोर, कालूराम सांखला, मुरली रांकावत, श्याम, संदीप सहित शहर के लोग और समिति सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान मंदिर में फर्श निर्माण सहित अन्य विकास के मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

### 31 से 9 सितंबर तक मनाएंगे महोत्सव

गणेश चतुर्थी के दिन यानी 31 अगस्त को चौमुखा महादेव मंदिर में मूर्ति स्थापना के साथ ही गणेश महोत्सव शुरू हो जाएगा। इसके बाद अनंत चतुर्दशी यानी 9 सितंबर तक यह उत्सव मनाया जाएगा। अनंत चतुर्दशी को मूर्ति विसर्जन के साथ ही गणेश महोत्सव का समापन होगा।

# भीनमाल में चातुर्मास प्रवचनः चातुर्मास पुण्य कर्म का बैलेंस बढ़ाने का समय होता है- सनातन गिरी महाराज

मरूधर आईना



**भीनमाल-** शहर के जसवंतपुरा रोड स्थित सिद्धेश्वर आश्रम में चल रहे सनातनगिरी महाराज के चातुर्मास के दौरान प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान महंत सनातनगिरी महाराज ने कहा कि चार माह तक धर्ममय जीवन जीना चाहिए। जो धर्म का मार्ग छोड़ता है, वह अपनी आत्मा को दूर्गति की ओर धकेल देता है। महाराज ने कहा कि जिस प्रकार खेत में बोवनी के पूर्व किसान खेत को तैयार करता है उसी प्रकार हमें चातुर्मास में संकल्प लेना है कि हम अपने हृदय को पवित्र बनायेंगे। उसमें पवित्र विचारों को जगह देंगे तथा दूषित विचारों से बचेंगे। चार माह तक अपने जीवन को पापकर्म से बचाना है तो सर्वप्रथम मन रूपी रथ पर विजय पाना होगी। महाराज ने कहा कि चातुर्मास के चार माह में जितना हो सके उतनी व्यर्थ की यात्रा व भ्रमण से बचना चाहिए। रस इन्द्री के गुलाम नहीं बने और जमीकंद का त्याग करें। चार माह में पुण्य कर्म का बैलेंस बढ़े और पाप कर्म का बैलेंस कम हो।

# डीजे बजाने की बात पर हुआ झगड़ाःचाकू से किया हमला, युवक की मौत, दो घायल

मरूधर आईना

**जोधपुर ।** प्रताप नगर थाना क्षेत्र में शादी समारोह में दावत के दौरान डीजे बजाने की बात पर दो पक्षों में विवाद हो गया। दोनों के बीच हुई मारपीट में एक पक्ष ने चाकू से हमला कर दिया, जिसमें ने एक युवक की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। इधर पुलिस ने देर रात दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। प्रतापनगर एसीपी प्रेम धनदे ने बताया कि शनिवार को आखलिया चौराहे के पास बापू कॉलोनी में शादी समारोह चल रहा था। रात करीब 11 बजे दावत में आए दो पक्षों में डीजे बजाने की बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के दौरान दोनों पक्षों में जमकर लात-घूंसे चले। तभी आरोपी पक्ष से अजहरुद्दीन व उसके साथियों ने चाकू से वार शुरू कर दिए, जिसमें दूसरे पक्ष के कबीर नगर निवासी अमन खान के पेट में चाकू घोंप दिया। गंभीर रूप से घायल अमन को समारोह में आए लोगों ने अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उसने दम तोड़ दिया। वहीं झगड़े में चाकू लगने से घायल दो अन्य लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। प्रतापनगर थाना पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। एडीसीपी हरफूल सिंह व एसीपी धनदे सहित अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आरोपियों की तलाश में टीमें गठित की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर नाकाबंदी भी की। वहीं उनके घरों व रिश्तेदारों के यहां छापेमारी शुरू की। फिर देर रात दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। अमन का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# राजस्थान में अगले 48 घंटे तेज बारिश का अलर्ट, 23 जिलों में बिजली गिरने की आशंका, बीकानेर के खाजूवाला में बाढ़ के हालात

**जयपुर।** राजस्थान में अब तक सामान्य से 52 प्रतिशत ज्यादा बारिश हो गई है। प्रदेश की झीलों और बांधों में पानी आना शुरू हो गया है। बीते 24 घंटों में अजमेर के श्रीनगर, चूरू के सुजानगढ़, हनुमानगढ़, टोंक, चित्तौड़गढ़ और बूंदी में 5 इंच तक पानी बरसा है। बीकानेर के खाजूवाला में रविवार को बरसात से बाढ़ के हालात बन गए। घरों में पानी भर गया। बारिश से प्रदेश का अधिकतम तापमान लुढ़ककर 36 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है।

### यहां हुई बरसात

जयपुर मौसम केन्द्र और जल संसाधन डिपार्टमेंट के मुताबिक पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा सीकर में 43 मीमी, जयपुर में 17.8मीमी और वनस्थली में 13.3 मीमीबारिश दर्ज हुई है। इसके साथ ही अजमेर, भीलवाड़ा, कोटा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, बीकानेर, चूरू, श्रीगंगानगर, धौलपुर, डूंगरपुर, हनुमानगढ़ और अलवर जिले में बारिश हुई।

### इन जिलों में बारिश की चेतावनी

भारतीय मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि फिलहाल पूर्वी राजस्थान में मानसून ज्यादा एक्टिव है। ऐसे में अगले 48 घंटों में पूर्वी राजस्थान के अधिकतर शहरों में बारिश होने की संभावना है।

अगले 12 घंटों तक अजमेर, बारां, भीलवाड़ा, झालावाड़, कोटा, राजसमंद, जयपुर, दौसा, चूरू, सीकर, भरतपुर, बीकानेर, धौलपुर, बूंदी, जैसलमेर, बाड़मेर, सिरोही, उदयपुर, बीकानेर, जालोर, जोधपुर, नागौर, पाली जिलों में बारिश के साथ बिजली गिरने की आशंका है। वहीं, 18 जुलाई को अजमेर बांसवाड़ा, बारां, उदयपुर, सिरोही, राजसमंद, प्रतापगढ़, झालावाड़, डूंगरपुर, चित्तौड़गढ़ में बारिश होने की संभावना है। इसके बाद 19 जुलाई को अजमेर, अलवर, भरतपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, धौलपुर, जयपुर में बारिश के साथ बिजली गिरने की आशंका जताई जा रही है।

# भीनमाल में टूट कर गिरा बिजली पोलःशहर के व्यस्तम मार्ग माघ चौक पर हुआ हादसा, रविवार के चलते नहीं थी भीड़; बड़ा हादसा टला



मरूधर आईना

**भीनमाल-** भीनमाल में रविवार शाम माघ चौक पर बिजली पोल टूट कर नीचे गिर गया। बता दें रविवार होने के कारण यहां पर भीड़ नहीं थी अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। जानकारी के अनुसार शाम करीब 4 बजे के आसपास शहर के माघ चौक पर एक बिजली पोल धमाके की आवाज के साथ नीचे से टूट कर बीच सड़क पर गिर गया। आसपास के लोगों ने डिस्कॉम कार्यालय के अधिकारियों को फोन कर बिजली आपूर्ति बंद करने के लिए कहा। जिस पर सप्लाई बंद की गई, हालांकि घटना के 1 घंटे बाद भी बिजली विभाग का कोई कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंच पाया था। माघ चौक नाश्ता सेंटर होने की वजह से हर समय यहां भारी भीड़ रहती है लेकिन रविवार का दिन होने से आज यहां पर कोई नहीं था।

# गर्मी से आमजन के हाल बेहालः भीनमाल में कम वोल्टेज से लोग परेशान, विवाद के चलते नहीं लग रही डीपी

**भीनमाल-** भीनमाल शहर के एमपी रोड़ कॉलोनी में वोल्टेज की समस्या होने से लोगों को गर्मी के मौसम में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर बीते दिनों लोगों ने एसडीएम को भी ज्ञापन सौंपा था लेकिन डीपी लगाने को लेकर विवाद चल रहा है। जिससे इस समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। जानकारी के अनुसार एमपी रोड कॉलोनी के लोंगो को वॉल्टेज कम आने से लोगों को तपती गर्मी में बहुत परेशान होना पड़ रहा है। इसको लेकर एमपी रोड़ कॉलोनी के लोगों ने पार्षद मुस्ताक़ अली के नेतृत्व में बीते दिनों उपखंड अधिकारी जवाहरराम चौधरी को ज्ञापन सौंपा था, जिसमे बताया था कि वार्ड 15 के कई घरों में लो वोल्टेज के कारण कूलर, पंखे चलते-चलते बंद हो जाते हैं।

# 8 साल की भतीजी का किया था यौन शोषणः हाईकोर्ट ने खुली जेल में भेजने की याचिका खारिज की

मरूधर आईना

**जोधपुर।** पॉक्सो एक्ट में दोषी बंदी को खुली जेल में भेजने से हाईकोर्ट का इनकार किया। कोर्ट ने कहा कि ऐसे आरोपियों को ओपन जेल में रखने अन्य कैदियों के परिवार को बच्चों की सुरक्षा को लेकर भय रहेगा। वकील ने बंदी को ओपन कैंप कमेटी द्वारा खुली जेल में नहीं भेजने पर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और कमेटी के आदेश को गलत ठहराया था। याचिका की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट जस्टिस संदीप मेहता व कुलदीप माथुर की खंडपीठ ने कमेटी के आदेश को उचित बताते हुए राहत देने से इनकार किया। याचिका खारिज करते हुए कहा कि पॉक्सो एक्ट के तहत जघन्य अपराध में दोषी बंदियों को खुली जेल में भेजा जाएगा तो अन्य कैदियों के परिवारों के मन में उनके बच्चों की सुरक्षा को लेकर डर पैदा होगा। कोर्ट ने कमेटी के निर्णय को सही बताया। कैदी की ओर से उसके पिता ने हाईकोर्ट में याचिका पेश की थी। उनकी ओर से अधिवक्ता ने कहा कि ओपन जेल कमेटी ने 23 फरवरी 2022 को उसके आवेदन को खारिज कर दिया जो उचित नहीं है। अधिवक्ता ने कहा कि राजस्थान ओपन कैम्प के नियम अनुसार यह आवेदन तय नहीं किया गया। सरकार की ओर से एएजी अनिल जोशी ने कहा कि कमेटी ने नियमानुसार ही उसे खारिज किया है। एएजी जोशी ने कहा कि कैदी राजेन्द्र के खिलाफ अपनी ही नाबालिग आठ वर्षीय भतीजी के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप था जिसमें उसे सजा हुई और वर्तमान में बीकानेर सेंट्रल जेल में है।

### दोषियों को समाज में पुनर्वासित करने कि लिए है खुली जेल

ओपन जेल दोषियों को समाज में पुनर्वासित किये जाने का प्रयास है। ताकि कैदी परिवार के साथ रह सके। लेकिन यहां अपराध की गंभीरता को देखा जाना आवश्यक है। कैदी राजेन्द्र ने तो अपनी ही भतीजी के साथ यौन उत्पीड़न का अपराध किया है। ऐसे लोगों को समाज से जोड़ने का अर्थ ही नहीं है। क्योंकि ऐसे लोग ओपन एयर कैम्प में साथ रहने वाले परिवार के मन में भय पैदा करेंगे जो कि सभी के लिए उचित नहीं है।

# राजस्थान की राज्यपाल रहीं विपक्ष की उप राष्ट्रपति उम्मीदवारः30 साल सांसद रहीं, विपक्ष ने 17 पार्टियों के समर्थन का दावा किया




मरूधर आईना

**जयपुर-** यूपीए ने राजस्थान की पूर्व राज्यपाल रहीं मार्गरेट अल्वा को उप राष्ट्रपति उम्मीदवार घोषित किया है। एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार के घर पर विपक्षी पार्टियों की बैठक के बाद पवार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में मार्गरेट अल्वा के नाम की घोषणा की है। जो करीब 30 साल सांसद रहीं। विपक्ष ने 17 पार्टियों के समर्थन का दावा किया है। उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए उम्मीदवार 19 जुलाई तक नॉमिनेशन भर सकते हैं। 6 अगस्त को वोटिंग होगी। शाम 5 बजे बाद काउंटिंग के बाद रिजल्ट आएगा। मौजूदा उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू का कार्यकाल 11 अगस्त को समाप्त हो रहा है। 14 अप्रैल 1942 को जन्मी मार्गरेट अल्वा 12 मई 2012 से 7 अगस्त 2014 के दौरान राजस्थान की राज्यपाल रही हैं। अल्वा ने 6 अगस्त 2009 से 11 मई 2012 तक उत्तराखंड की पहली महिला राज्यपाल के रूप में भी काम किया था। अल्वा गोवा की भी राज्यपाल रह चुकी हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की एक वरिष्ठ सदस्य और अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की आम सचिव हैं। मार्गरेट अल्वा मर्सी रवि अवॉर्ड से सम्मानित हैं। पति निरंजन आल्वा हैं। पिता स्वर्गीय पीए नाज़रेथ और मां ईएल नाजरेथ हैं। मार्गरेट अल्वा के 3 बेटे और 1 बेटी है। अल्वा मूल रूप से बैंगलुरू की हैं। शिक्षा- बीए, बीएल, मानद डॉक्टरेट, एमटी कारमेल कॉसलेज और गवर्नमेंट लॉ कॉलेज बैंगलुरू से एजुकेशन ली है। अल्वा वकालत, सामाजिक कार्यकर्ता और श्रमिक संघ कार्यकर्ता के रूप में भी पहचान रखती हैं।

# फैक्ट्री से चोरी हुए मोबाइल देखिएः इंडस्ट्रीयल एरिया में वारदात, सोते हुए मजदूरों के मोबाइल पार कर ले गया चोर

मरूधर आईना

**बालोतरा/ भावेश भील पूंजाबेरी/** बालोतरा के औद्योगिक क्षेत्र में एक चोर रात को एक फैक्ट्री में घुसकर सोते हुए मजदूरों के मोबाइल पार कर ले गया। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जानकारी के अनुसार चतुर्थ फेज स्थित हिंद प्रोसेस इकाई में रात करीब एक बजे मजदूर सो रहे थे। इसी दौरान फैक्ट्री में एक चोर घुसा और वहां सो रहे दो तीन मजदूरों के मोबाइल उठा कर भाग गया। सवेरे इकाई के मालिक ने इस संबंध में मामला दर्ज करवाया है। बालोतरा पश्चिमी राजस्थान का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है। इसमें 20,000 से अधिक का कारोबार होता है प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से एक लाख लोगों को उद्योग रोजगार उपलब्ध करवाता है। यहां इस तरह की घटनाओं से कारोबारियों में रोष है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी गजेंद्र प्रसाद के लिए माणक ऑफसेट प्रिंटर्स, बोहरा भवन, एम जी एच रोड, जोधपुर, राजस्थान, से मुद्रित एवं सरकारी स्कूल के सामने, माधोपुरा, आहोर, जालोर 307029 (राजस्थान) । संपादक गजेंद्र प्रसाद, उपसंपादक रघुवीर सिंह देवड़ा, माधोपुरा रोड आहोर, जालोर राजस्थान 307029, फोन नंबर 8890680200, 82098 54647, ईमेल - marudharaaina@gmail.com, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जालोर रहेगा, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी )